कोटद्वार, बुधवार
24 दिसम्बर 2025
वर्षः 48
अंकः 215 पृष्ठः 4
मूल्यः 2.00

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## एक नजर

### फांसी लगाकर की आत्महत्या

विकासनगर। कोतवाली क्षेत्र में एक व्यक्ति ने सोमवार रात को पेड़ से लटकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव का पंचायतनामा भर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। मृतक के पास से पुलिस को एक सुसाइड नोट बरामद हुआ। जिसमें उसने एक व्यक्ति पर लेन–देन के मामले में धोखाधड़ी का आरोप लगाया है। पुलिस सुसाइड नोट के आधार पर जांच शुरू कर दी है।

### अशासकीय महाविद्यालयों का वेतन बजट फिर अटका

देहरादून। राज्य सरकार की ओर से अशासकीय महाविद्यालयों के वेतन मद के लिए 5713.83 लाख रुपये स्वीकृत किए जाने तथा प्रमुख सचिव उच्च शिक्षा डॉ. रणजीत सिंह के आदेश के बावजूद राज्य के 21 अशासकीय महाविद्यालयों के लिए वेतन बजट शिक्षा निदेशालय की ओर से जारी नहीं किया गया है। जिससे उनका नवंबर को वेतन अब तक नहीं मिल सका है। इससे शिक्षकों में रोष है। फेडरेशन ऑफ उत्तराखंड राज्य विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय शिक्षक महासंघ के महासचिव डा. यूएस राणा ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार पदों के सततीकरण की प्रक्रिया सभी महाविद्यालयों ने पूर्ण कर ली गई है, इसके बावजूद अक्टूबर माह के बाद से अशासकीय महाविद्यालयों के शिक्षकों एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को वेतन नहीं मिला है।

वेतन भुगतान में हो रही इस गंभीर देरी से कर्मचारियों में भारी रोष है। महासंघ का आरोप है कि शासन–प्रशासन का अशासकीय महाविद्यालयों के प्रति सौतेला रवैया केवल वेतन तक सीमित नहीं है। जीपीएफ पर ब्याज की गणना विगत दो वर्षों से नहीं की गई है, जिसके कारण सेवानिवृत्त हो रहे शिक्षकों को पूर्ण जीपीएफ भुगतान नहीं मिल पा रहा है।ग्रेच्युटी भुगतान भी सरकारी से कम किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि हर तीन माह में निदेशालय वेतन के लिए बजट जारी करता है। लेकिन हर बार इसके लिए शिक्षकों को आंदोलन करना पड़ता है। लेकिन इस बार बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

### बांग्लादेश में हिंदू युवक की हत्या के खिलाफ शिवसेना का प्रदर्शन

हरिद्वार। बांग्लादेश में हिंदू युवक की बर्बर हत्या के विरोध में शिवसेना ने मंगलवार को हरिद्वार में जोरदार प्रदर्शन किया। जिला प्रमुख विशाल शर्मा के नेतृत्व में शिवसैनिक सड़क पर उतरे और बांग्लादेश सरकार के खिलाफ जमकर नारे लगाए। जिला प्रमुख विशाल शर्मा ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदू समाज पर लगातार हमले हो रहे हैं, जिसे शिवसेना बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होंने भारत सरकार से मांग उठाई कि वहां रह रहे हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए और जो असुरक्षित हैं, उन्हें सुरक्षित भारत लाया जाए।

साथ ही, भारत में अवैध रूप से रह रहे घुसपैठियों की पहचान कर उनको वापस भेजा जाए। उन्होंने चेताया कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर अत्याचार नहीं रुके तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। इस प्रदर्शन में आकाश शर्मा, सरदार प्रगट सिंह, मोहित गुर्जर, सोनू धीमान, परविंदर कुमार, बबलू शर्मा, मोनू कुमार, रजत चौधरी और ओंकार सिंह सहित कई शिवसैनिक मौजूद रहे।

### सड़क हादसे में 20 साल के युवक की मौत

रुड़की। लक्सर रायसी हाइवे पर बीजोपुरा के युवक की बाइक को ट्रैक्टर ट्राली ने टक्कर मार दी। दुर्घटना के बाद चालक ट्रैक्टर वहीं छोड़कर भाग निकला। हादसे में गंभीर रूप से घायल युवक को एक अस्पताल ले जाया गया, मगर इससे पहले ही उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। बिजोपुरा, लक्सर गांव निवासी बीस वर्षीय हिमांशु उर्फ भोला पुत्र राजवीर सिंह अपने माता पिता का इकलौता बेटा था। मंगलवार सुबह वह अपनी बाइक लेकर गांव से लक्सर की तरफ आ रहा था। लक्सर रायसी हाईवे पर खड़ंजा गांव के पास एक ट्रैक्टर ट्राली ने उसकी बाइक को अपनी चपेट में ले लिया। इस हादसे में हिमांशु गंभीर रूप से घायल हो गया। टक्कर लगता ही आसपास के काफी लोग वहां इकट्ठा हो गए।

## बांग्लादेश ने भारतीय उच्चायुक्त को फिर किया तलब

### तौहीद हुसैन ने भी भारत पर उठाया सवाल



नई दिल्ली।भारत के सेवन सिस्टर्स राज्यों को अलग करने की धमकी के बाद बुधवार को बांग्लादेश की नेशनल सिटिजन पार्टी (एनसीपी) के सदर्न चीफ़ ऑर्गेनाइजर हसनत अब्दुल्लाह ने कहा कि भारत के उच्चायुक्त को देश से बाहर निकाल देना चाहिए था. बांग्लादेश में अगले साल फ़रवरी में आम चुनाव हैं और एनसीपी ने हसनत अब्दुल्लाह को कुमिल्ला–4 से उम्मीदवार बनाया है. बुधवार को कुमिल्ला के देबीद्वार में एक जनसभा को संबोधित करते हुए हसनत अब्दुल्लाह ने भारत में बांग्लादेश के उच्चायुक्त को तलब करने पर आपत्ति जताते हुए कहा, " हमें भारत के इस रुख़ पर कठोर प्रतिक्रिया देनी चाहिए थी. भारत के उच्चायुक्त को देश से बाहर निकाल देना चाहिए था क्योंकि वह शेख़ हसीना को शरण दे रहा है." बुधवार को भारत ने दिल्ली में बांग्लादेश के उच्चायुक्त रियाज़ हमिदुल्लाह को तलब कर ढाका में भारतीय उच्चायोग की सुरक्षा को लेकर अपनी चिंता जताई थी. हसनत ने कहा कि भारत के साथ द्विपक्षीय संबंध पारस्परिक सम्मान पर आधारित होने चाहिए. उन्होंने कहा, "बांग्लादेश भारत की संप्रभुता और सीमाओं का सम्मान तभी करेगा जब भारत भी बांग्लादेश के प्रति वही सम्मान दिखाए. अगर आप 'देखते ही गोली मारने' की नीति में विश्वास रखते हैं, तो हम देखते ही सलाम करने की नीति पर क्यों चलें ?"हाल के महीनों में बांग्लादेश के नेता भारत के ख़िलाफ़ आए दिन इस तरह के आरोप लगाते रहे हैं. बुधवार को इन आरोपों को ख़ारिज करते हुए भारत के विदेश मंत्रालय ने कहा, "बांग्लादेश में हाल की कुछ घटनाओं को लेकर कट्टरपंथी तत्वों के झूठे विमर्श को हम पूरी तरह से ख़ारिज करते हैं.

## इंडिगो ने दिल्ली, मुंबई सहित कई हवाई अड्डों से रद की 50 उड़ानें

मुंबई, घरेलू विमानन कंपनी इंडिगो ने मंगलवार को लगभग 50 उड़ानें रद्द कर दीं। यह जानकारी एयरलाइन की वेबसाइट से मिली। इस महीने की शुरुआत में बड़े पैमाने पर परिचालन व्यवधान को लेकर इंडिगो के खिलाफ जांच की जा रही है। मुंबई, दिल्ली, वाराणसी, पुणे, चंडीगढ़, अमृतसर, इंदौर और पटना समेत कई हवाई अड्डों से उड़ानें रद्द की गई हैं। हालांकि, एयरलाइन ने उड़ान रद्द किये जाने का कोई कारण नहीं बताया है। इंडिगो को उसकी शीतकालीन अनुसूची के तहत शुरू में घरेलू मार्गों पर प्रति सप्ताह 15,014 उड़ानें या प्रति दिन 2,144 उड़ानें संचालित करने की अनुमति दी गई थी, जो कि 2025 की ग्रीष्मकालीन अनुसूची में उसके द्वारा संचालित प्रति सप्ताह 14,158 उड़ानों की तुलना में 6 प्रतिशत अधिक थी। हालांकि, परिचालन में भारी व्यवधान के कारण हजारों उड़ानें रद्द होने से देश में लाखों हवाई यात्रियों को गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ा है, जिसके बाद सरकार ने उसके शीतकालीन कार्यक्रम में 10 प्रतिशत या प्रतिदिन 214 उड़ानों की कटौती की।

## सीएम धामी बोले सहकारिता केवल आर्थिक मॉडल नहीं, सामाजिक परिवर्तन का माध्यम

**मुख्यमंत्री ने किया सहकारिता मेला 2025 का उद्घाटन ,महिला सहकारिता और स्वयं सहायता समूहों को दिये 5-5 लाख के ब्याजमुक्त ऋण के चेक**

**जयन्त प्रतिनिधि।**



देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को रेंजर्स ग्राउंड, देहरादून में आयोजित सहकारिता मेला 2025 में प्रतिभाग किया। यह आयोजन अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 एवं उत्तराखंड राज्य स्थापना की रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने नाबार्ड द्वारा प्रकाशित स्टेट फोकस पेपर 2026-27, उत्तराखंड का विमोचन किया तथा सहकारी समूहों को पांच-पांच लाख रुपये के ब्याज मुक्त ऋण के चेक भी वितरित किए।

मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि सहकारिता मेला केवल उत्पादों का प्रदर्शन नहीं, बल्कि उत्तराखंड की सहकारिता शक्ति, ग्रामीण आत्मनिर्भरता और आत्मसम्मान का सशक्त प्रतीक है। कहा कि सहकारिता भारतीय जीवन पद्धति का मूल संस्कार रही है, जहां व्यक्ति अपने स्वार्थ से ऊपर उठकर समाज के सामूहिक हित के लिए कार्य करता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धी युग में सहकारिता की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो गई है, इसी को ध्यान में रखते हुए संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा वर्ष 2025 को अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष घोषित किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सहकार से समृद्धि के संकल्प को साकार करने के लिए देश में अलग सहकारिता मंत्रालय का गठन एक ऐतिहासिक निर्णय है, जिसे केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में मजबूती से आगे बढ़ाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड आज सहकारिता सुधारों में देश का अग्रणी राज्य बन चुका है।

पूरे देश में बहुउद्देश्यीय सहकारी समितियों के कंप्यूटरीकरण की शुरुआत उत्तराखंड से हुई और आज प्रदेश की सभी 670 सहकारी समितियां पूर्णतः डिजिटल हो चुकी हैं।

## दिल्ली कोर्ट ने रॉबर्ट वाड्रा से जुड़े जमीन सौदे मामले में सुनवाई स्थगित की



नई दिल्ली , दिल्ली की एक कोर्ट ने मंगलवार को बिजनेसमैन रॉबर्ट वाड्रा और अन्य के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दायर मनी लॉन्ड्रिंग मामले में अभियोजन शिकायत पर संज्ञान लेने से संबंधित सुनवाई को स्थगित कर दिया।। यह मामला गुरुग्राम के शिकोहपुर गांव में 2008 के एक जमीन सौदे से जुड़े धन शोधन मामले का है। राउज एवेन्यू कोर्ट ने कार्यवाही 22 जनवरी, 2026 तक के लिए स्थगित कर दी। इस दिन अदालत ईडी की उस याचिका पर सुनवाई करेगी, जिसमें धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत दाखिल चार्जशीट पर संज्ञान लेने की मांग की गई है। ईडी ने वाड्रा पर हरियाणा में 3.53 एकड़ ज़मीन के धोखाधड़ी वाले लेन–देन के ज़रिए अपराध की कमाई करने का आरोप लगाया है। ईडी ने आरोप लगाया है कि अपराध की कमाई को वाड्रा द्वारा नियंत्रित कई कंपनियों के जरिए रूट किया गया था।

इससे पहले दिल्ली की एक अदालत ने वाड्रा और अन्य आरोपितों को नोटिस जारी करते हुए कहा था कि नए आपराधिक कानून के अनुसार, किसी भी शिकायत पर संज्ञान लेने से पहले आरोपितों को अपनी बात रखने का मौका देना जरूरी है। विशेष न्यायाधीश (पीसी एक्ट) सुशांत चांगोत्रा द्वारा पारित आदेश में कहा गया है, शिकायत में नामित सभी प्रस्तावित आरोपियों को संज्ञान लेने के सवाल पर सुनवाई के लिए नोटिस जारी करें। ईडी के अनुसार वाड्रा की कंपनी, स्काईलाइट हॉस्पिटैलिटी प्राइवेट लिमिटेड ने, सीमित पूंजी होने के बावजूद, फरवरी 2008 में ओमकारेश्वर प्रॉपर्टीज प्राइवेट लिमिटेड से शिकोहपुर में 3.5 एकड़ जमीन 7.50 करोड़ रुपए में खरीदी थी।

जांच एजेंसी ने आरोप लगाया है कि कोई वास्तविक भुगतान नहीं किया गया था। बिक्री दस्तावेज में गलत जानकारी दी गई, जिसमें ऐसे चेक का जिक्र था, जो कभी जारी ही नहीं हुआ और न ही भुनाया गया। ईडी ने दावा किया है कि जमीन का मूल्य कम दिखाया गया था, जिससे स्टांप शुल्क की चोरी हुई, और यह भारतीय दंड संहिता की धारा 423 के तहत एक अपराध है। अपनी शिकायत में, ईडी ने 58 करोड़ रुपए को अपराध की कमाई बताया है और 38.69 करोड़ रुपए की 43 अचल संपत्तियों को अस्थायी रूप से अटैच किया है, जिन्हें अपराध की कमाई के सीधे या मूल्य के बराबर बताया गया है। ये संपत्तियां कथित तौर पर वाड्रा, उनकी कंपनी आर्टेक्स, स्काईलाइट हॉस्पिटैलिटी प्राइवेट लिमिटेड और अन्य संबंधित संस्थाओं की हैं।

## एसआईआर एमपी में 42.74 लाख, छत्तीसगढ़ में 27 लाख नाम कटे,केरल में 24 लाख नाम हटे

नई दिल्ली। चुनाव आयोग ने मंगलवार को मध्य प्रदेश की रकफ ड्राफ्ट वोटर लिस्ट जारी की, जिसमें से 42.74 लाख नाम हटाए गए हैं। इसमें 19.19 लाख पुरुष, 23.64 लाख महिलाएं हैं। लिस्ट में 8.46 लाख मृत, 8.42 लाख अनुपस्थित, 22.78 लाख शिफ्ट और 2.76 लाख डुप्लीकेट पाए गए। इसके अलावा छत्तीसगढ़ में 27.34 लाख नाम लिस्ट में से हटाए गए हैं। छत्तीसगढ़ में 6.42 लाख मतदाताओं की मौत हो चुकी है।

19.13 लाख दूसरी जगह शिफ्ट हुए और 1.79 लाख डुप्लीकेट पाए गए। केरल में 24.08 लाख और अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में, 3.10 लाख वोटर्स में से 64 हजार वोटर्स के नाम ड्राफ्ट रोल में से हटाए गए हैं। केरल विधानसभा की सभी 140 सीटों पर 2026 में चुनाव होना है।इससे पहले चुनाव आयोग ने 7 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों की ड्राफ्ट वोटर लिस्ट जारी की थी, जिसमें अलग–अलग कारणों से 2.70 करोड़ से ज्यादा नाम हटाए गए। सबसे ज्यादा नाम तमिलनाडु से 97 लाख नाम कटे थे।

## मैन्यूफैक्चरिंग बढ़ाने के लिए सरकार करने जा रही बड़ा बदलाव, बजट में होगी घोषणा



नई दिल्ली। मैन्यूफैक्चरिंग और निर्यात प्रोत्साहन के लिए आगामी वित्त वर्ष 2026–27 के बजट में दर्जनों कच्चे माल के आयात को शुल्क मुक्त किया जा सकता है। आगामी फरवरी में पेश होने वाले बजट में एक ऐसे आत्मनिर्भर भारत के निर्माण की झलक देखने को मिल सकती है जिसकी वैश्विक सप्लाई चेन में भी हिस्सेदारी हो। ऐसा तभी संभव हो सकता है जब भारत में मैन्यूफैक्चरिंग की लागत कम होगी। सरकार भी जीडीपी में मैन्यूफैकचरिंग की हिस्सेदारी को 15 प्रतिशत से बढ़ाकर 25 प्रतिशत तक ले जाना चाहती है। चालू वित्त वर्ष 2025–26 के बजट में भी ईवी, लेदर उत्पाद निर्माण से जुड़े कच्चे माल के आयात शुल्क में राहत दी गई थी ताकि भारत में इलेक्ट्रिक मैन्यूफैक्चरिंग रफ्तार पकड़ सके और लेदर उत्पाद के निर्यात को प्रोत्साहन मिल सके।

**आयात शुल्क को पूरी तरह से समाप्त किया जाएगा**

सूत्रों के मुताबिक आगामी बजट में भी इलेक्ट्रॉनिक्स, मशीनरी, सेमीकंडक्टर, टेक्सटाइल सेक्टर से जुड़े कच्चे माल के आयात शुल्क को पूरी तरह से समाप्त किया जा सकता है। सूत्रों के मुताबिक आयात शुल्क को पूरी तरह से समाप्त करने पर उत्पादों की लागत निश्चित रूप से कम होगी। उदाहरण के लिए भारत मोबाइल फोन व अन्य इलेक्ट्रॉनिक्स आइटम का बड़ा निर्यातक देश बन चुका है, लेकिन इन आइटम के निर्माण के लिए कंपोनेंट्स का बड़ी मात्रा में आयात किया जाता है। भारत सालाना सिर्फ चीन से 38 अरब डालर के कंपोनेंट्स समेत अन्य इलेक्ट्रॉनिक्स आइटम का आयात करता है। प्रिंटेड सर्किट बोर्ड (पीसीबी) का भी भारी मात्रा में आयात किया जाता है। दूसरी तरफ निर्यात बढ़ाने से मैन्यूफैक्चरिंग को प्रोत्साहन मिलने के साथ वैश्विक सप्लाई चेन में भी भारत की हिस्सेदारी बढ़ेगी। पिछले कुछ सालों में भारत ने सात देशों के साथ व्यापार समझौता किया है और नए साल में भी कई देशों के साथ व्यापार समझौते होने जा रहे हैं। लेकिन निर्यात को बड़ा फायदा तभी मिलेगा, जब भारतीय वस्तुओं की लागत कम होगी और भारत बड़े पैमाने पर उत्पादन करने में सक्षम होगा। इसे ध्यान में रखते हुए भी केमिकल्स, मशीनरी जैसे कई आइटम के कच्चे माल के शुल्क पर बजट में राहत मिल सकती है। मैन्यूफैक्चरिंग बढ़ने से रोजगार और निवेश दोनों में बढ़ोतरी होती है जिससे अर्थव्यवस्था में खपत बढ़ती है। सूत्रों का कहना है कि आगामी बजट को लेकर उद्योग जगत के साथ विचार विमर्श के बाद दर्जनों कच्चे माल को चिन्हित किया जा रहा है जिनके शुल्क में राहत मिल सकती है।

## भारत-श्रीलंका संबंधों के नये युग की शुरुआत

### आधिकारिक यात्रा पर पहुंचे जयशंकर, 45 करोड़ डॉलर की मदद का एलान



नई दिल्ली। भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर आज श्रीलंका की आधिकारिक यात्रा पर पहुंचे, जहां उन्होंने हाल ही में आए चक्रवाती तूफान 'दित्वाह' से प्रभावित इस पड़ोसी देश की मदद के लिए 45 करोड़ अमेरिकी डॉलर की वित्तीय मदद की घोषणा की।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विशेष दूत के तौर पर श्रीलंका पहुंचे जयशंकर ने वहां के राष्ट्रपति अनुरा दिसानायके, पीएम हरिनी अमरसूर्या, विदेश मंत्री विजिथा हेराथ के अलावा स्वास्थ्य मंत्री, वित्त मंत्री के साथ मुलाकात करने के अलावा नेता प्रतिपक्ष सजिथ प्रेमदासा, श्रीलंका के तमिल नेताओं और कारोबारी समुदाय के प्रतिनिधियों से भी अलग अलग बात की।

**आर्थिक सहयोग और क्षेत्रीय स्थिरता पर चर्चा हुई**

इन सभी नेताओं के साथ उन्होंने आपदा राहत, आर्थिक सहयोग और क्षेत्रीय स्थिरता पर चर्चा हुई। राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके से हुई मुलाकात में द्विपक्षीय व्यापार के अलावा सीमा सुरक्षा से जुड़े मुद्दों परभी विचार विमर्श हुआ है। राष्ट्रपति दिसानायके ने भारत की तरफ से मदद की घोषणा को दोनों देशों के संबंधों में नये युग की शुरुआत के तौर पर चिन्हित किया है। जयशंकर की इस यात्रा को श्रीलंका के आर्थिक संकट और प्राकृतिक आपदाओं से निपटने में भारत की 'नेबरहुड फर्स्ट' नीति का महत्वपूर्ण हिस्सा माना जा रहा है। भारत व श्रीलंका के विदेश मंत्रियों ने एक संयुक्त बयान भी जारी किया है जिसमें दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने पर जोर दिया। इन मुलाकातों में भारत ने श्रीलंका को 'ऑपरेशन सागर बंधु' के तहत पहले से दी जा रही मदद को बढ़ाने की प्रतिबद्धता दोहराई।

कैरिजवे बेली ब्रिज का उद्घाटन किया

जयशंकर और उनके समकक्ष हेराथ ने राष्ट्रपति दिसानायके की उपस्थिति में उत्तरी प्रांत के किलिनोच्ची जिले में 120 फुट लंबे डुअल कैरिजवे बेली ब्रिज का संयुक्त रूप से उद्घाटन किया। यह क्षेत्र चक्रवात से सबसे गंभीर रूप से प्रभावित हुआ था। यह 110 टन वजनी पुल भारत से हवाई मार्ग द्वारा लाया गया था और इसे ऑपरेशन सागर बंधु के तहत स्थापित किया गया।भारत की तरफ से 35 करोड़ डॉलर की जो पैकेज देने की घोषणा की गई है ।

## केरल में बर्ड फ्लू का नया प्रकोप, अलाप्पुझा और कोट्टायम जिलों में कई जगहों पर पुष्टि

तिरुवनंतपुरम , । केरल में एवियन इन्फ्लूएंजा का एक नया प्रकोप सामने आया है, जिसमें अलाप्पुझा और कोट्टायम जिलों में यह अत्यधिक संक्रामक वायरल बीमारी कन्फर्म हुई है। कई सरकारी विभागों ने इमरजेंसी रोकथाम के उपाय शुरू कर दिए हैं। चिंता की बात यह है कि यह क्रिसमस के पीक सीजन में हुआ है, क्योंकि इसी दौरान पोल्ट्री की बिक्री सबसे ज्यादा होती है, और किसान सामान्य से ज्यादा स्टॉक रखते हैं। यह पुष्टि भोपाल में नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हाई सिक्योरिटी एनिमल डिजीज (एनआईएचएसएडी) को भेजे गए सैंपल में वायरस पॉजिटिव पाए जाने के बाद हुई। अलाप्पुझा जिले में, संक्रमण आठ पंचायतों के वार्डों, नेदुमुडी, चेरुथाना, करुवट्टा, कार्तिकपल्ली, अंबलप्पुझा साउथ, पुन्नाप्रा साउथ, थाकाझी और पुरक्कड़, में पाया गया है। नेदुमुडी में पोल्ट्री पक्षी प्रभावित हुए, जबकि बाकी जगहों पर बत्तखें संक्रमित पाई गईं, जो इस क्षेत्र की बत्तख पालन बेल्ट की कमजोरी को दिखाता है। यह कई किसानों के लिए आजीविका का एक महत्वपूर्ण स्रोत है। कोट्टायम जिले में भी चार वार्डों, कुरुपंथारा, मंजूर, कल्लूपुरायक्कल और वेलूर में एवियन इन्फ्लूएंजा की सूचना मिली है।

## पूर्व सीएम हरीश रावत ने भाजपा कार्यकर्ताओं के खिलाफ दी तहरीर



देहरादूनः कांग्रेस नेता व पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने नेहरू कालोनी थाने पहुंचकर भाजपा नेताओं के विरुद्ध तहरीर दी। उन्होंने भाजपा नेताओं के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की।

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा ने एआइ वीडियो के जरिये उनकी छवि को धूमिल करने का काम किया है। उनका एआइ वीडियो जिस प्रकार से प्रचारित किया गया है, वह एक षड्यंत्र के तहत किया गया है। जिसके लिए उनकी मांग है कि भाजपा नेताओं पर कार्रवाई की जाए।

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि अगर पुलिस कार्रवाई नहीं करती है तो वह भाजपा कार्यालय पर धरना देने के लिए मजबूर हो जाएंगे। पूर्व सीएम ने कहा कि भाजपा के आफिशियल पेज पर उनका एआइ वीडियो प्रसारित किया गया है। इसे उनके कई नेता शेयर कर चुके है। इस दौरान कांग्रेस के कई नेता मौजूद रहे।

## सड़क सुरक्षा को जनआंदोलन बनाने की दिशा में योगी सरकार की पहल

### सड़क सुरक्षा मित्र और राहवीर योजनाओं से बढ़ी सक्रियता



लखनऊ।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम और जन–जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से ह्यसड़क सुरक्षा मित्रह्ण कार्यक्रम और ह्यराहवीरह्ण योजना को प्रभावी रूप से आगे बढ़ाया जा रहा है। मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद प्रदेश के सभी जनपदों में इन दोनों योजनाओं के तहत गतिविधियों में तेजी आई है। इनका उद्देश्य युवाओं को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करना और दुर्घटना की स्थिति में पीड़ितों को समय पर सहायता तथा उपचार उपलब्ध कराना है, जिससे एक ओर दुर्घटनाओं की संख्या में कमी आए और दूसरी ओर मृत्युदर को घटाया जा सके। इन योजनाओं की निगरानी की जिम्मेदारी जिला सड़क सुरक्षा समितियों को सौंपी गई है, ताकि सड़क सुरक्षा को व्यापक जनआंदोलन का रूप दिया जा सके। केंद्र सरकार की सड़क सुरक्षा मित्र योजना वर्तमान में प्रदेश के 28 जनपदों में सक्रिय है।

## कोहरे के कारण चार ट्रेन रद, बाकी 1 से 12 घंटे लेट

रुड़की। ट्रेनों का आवागमन मंगलवार को भी ठीक नहीं हो पाया। घने कोहरे के चलते अमृतसर–पूर्णिया कोर्ट–अमृतसर, जनसेवा एक्सप्रेस व काठगोदाम–दिल्ली–काठगोदाम, उत्तरांचल संपर्क क्रांति एक्सप्रेस ट्रेन दोनों तरफ से रद कर दी गई। लंबी दूरी की बाकी ट्रेनें भी 1 से 12 घंटे तक लेट हुई। इनके अलावा लखनऊसे चंडीगढ़, चंडीगढ़ एक्सप्रेस, कोलकाता से जम्मूतवी, जम्मूतवी एक्सप्रेस, अमृतसर से हरिद्वार, जनशताब्दी एक्सप्रेस सियालदह से जम्मूतवी हमसफर एक्सप्रेस ट्रेन भी अपने निर्धारित समय के 30 से 60 मिनट बाद स्टेशन पहुंची। मुसाफिर हरवीर सिंह, दीपेंद्र कुमार, प्रदीप वर्मा ने बताया कि गाड़ियां सिर्फ लेट ही नहीं हैं, बल्कि ट्रेन कम होने के कारण इनमें भारी भीड़ चल रही है।

**पहले भारत आओ, फिर होगी सुनवाई...**

## भगोड़े माल्या को बॉम्बे हाईकोर्ट से तगड़ा झटका



नई दिल्ली। बॉम्बे हाई कोर्ट ने भगोड़े व्यवसायी विजय माल्या को स्पष्ट संदेश दिया कि जब तक वह भारतीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत नहीं होते, तब तक अदालत उनकी भगोड़ा आर्थिक अपराधी (एफईओ) अधिनियम के खिलाफ चुनौती पर विचार नहीं करेगी। पीठ ने मंगलवार को यह भी सवाल उठाया कि व्यवसायी भारत लौटने की योजना कब बना रहे हैं।

मुख्य न्यायाधीश चंद्रशेखर और न्यायाधीश गौतम अंकड़ की पीठ ने भारत में धोखाधड़ी और मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपों का सामना करने के लिए वांछित 70 वर्षीय शराब कारोबारी विजय माल्या से उनकी वापसी के बारे में सवाल किया।

**माल्या के अदालत में पेश होने तक सुनवाई नहीं**

अदालत ने माल्या के वकील अमित देसाई को स्पष्ट किया कि जब तक वह पहले अदालत के अधिकार क्षेत्र के समक्ष प्रस्तुत नहीं होते, तब तक वह माल्या की अधिनियम के खिलाफ याचिका पर सुनवाई नहीं करेगी। 2016 से भारत से भागकर ब्रिटेन में रह रहे विजय माल्या ने हाई कोर्ट में दो याचिकाएं दायर की हैं। एक याचिका में उन्हें भगोड़ा आर्थिक अपराधी घोषित करने के आदेश को चुनौती दी गई है और दूसरी याचिका में 2018 के अधिनियम की संवैधानिक वैधता पर सवाल उठाया गया है। हाई कोर्ट ने आगे की सुनवाई के लिए 12 फरवरी को अगली तारीख निर्धारित की, जब माल्या को अदालत को सूचित करना होगा कि वह किस याचिका के साथ आगे बढ़ना चाहते हैं। माल्या को जनवरी 2019 में पीएमएलए के तहत मनी लांड्रिंग के मामलों की सुनवाई करने वाली विशेष अदालत द्वारा भगोड़ा आर्थिक अपराधी घोषित किया गया था। हाई कोर्ट ने अगली सुनवाई के लिए 12 फरवरी की तारीख निर्धारित की है। ईडी की ओर से पेश महाधिवक्ता तुषार मेहता ने याचिकाओं का विरोध करते हुए कहा कि भगोड़ों को बिना देश की अदालतों के समक्ष प्रस्तुत हुए अधिनियम की वैधता को चुनौती देने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए।

## सम्पादकीय

### वीआईपी के नाम का रहस्य

उत्तराखंड के चर्चित अंकित हत्याकांड के मामले में एक बार फिर से सरगर्मियों शुरू हो गई है। इस प्रकरण के सामने आने के बाद से ही एक ऐसे नाम को लेकर संशय बना हुआ था जिसमें एक वीआईपीर मीडिया की सुर्खियां बना हुआ था। आरोप है कि इस वीआईपी के लिए दिवंगत अंकिता को पेश करने के लिए दबाव डाला जा रहा था लेकिन "पहाड़ की बहादुर बेटी" द्वारा इस कुकृत्य का विरोध करने के बदले उसे मौत की घाट उतार दिया गया। इस घटना के बाद पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया था लेकिन प्रकरण में एक ऐसे व्यक्ति का नाम लगातार रहस्य बना हुआ था जो की हत्याकांड के कारणों की एक मुख्य धूरी था। लगभग डेढ़ साल बीत जाने के बाद भी वीआईपी के नाम पर पड़ा रहस्य का पर्दा नहीं उठ पाया और अब भाजपा के पूर्व विधायक सुरेश राठौड़ एवं उर्मिला राठौर व एक अन्य महिला के बीच उपजे विवाद के बाद सोशल मीडिया पर वीआईपी के नाम को लेकर हंगामा मचा हुआ है। दावा किया जा रहा है कि एक ऑडियो क्लिप में भाजपा के एक बड़े नेता का नाम वीआईपी के तौर पर लिया जा रहा है, हालांकि संगठन की ओर से अभी तक इस ऑडियो क्लिप को लेकर कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। इधर तमाम संगठनों ने इस वीआईपी का नाम तथा कथित तौर पर सामने आने के बाद पूरे मामले की सीबीआई जांच कराए जाने की मांग की है तो वहीं जांच एजेंसी पर उक्त व्यक्ति को गिरफ्तार करने की मांग भी की जा रही है ताकि अंकित हत्याकांड के इस मोस्ट वांटेड नाम का आधिकारिक तौर पर खुलासा हो सके। सुरेश राठौड़ एवं उनकी पत्नी के बीच का विवाद इन दिनों सोशल मीडिया एव उत्तराखंड में छाया हुआ है और इसी कड़ी में कथित वीआईपी का नाम भी सुर्खियां बटोर रहा है। हालांकि अंकित हत्याकांड की जांच कर रही विवेचना टीम द्वारा भी अभी तक इस प्रकरण में कार्रवाई शुरू नहीं की गई है लेकिन जिस प्रकार से उत्तराखंड की राजनीति में एक इस हत्याकांड की जांच को लेकर हंगामा शुरू हो गया है उसके बाद निश्चित तौर पर आने वाले दिनों में इसका प्रदेश की सियासत में असर देखने को मिलेगा। अभी अंकित हत्याकांड से जुड़े इस वीआईपी को लेकर तीन लोगों के बीच ही आरोप प्रत्यारोपण का दौर चल रहा है और इस बीच किसी दूसरे राजनीतिक दल द्वारा भी मुखरता देखने को नहीं मिली है। हालांकि जिन व्यक्तियों द्वारा आपसी बातचीत में इस वीआईपी के नाम को लिया गया है उसे पूरी तरह से नकारा भी नहीं जा सकता, लेकिन जब तक आधिकारिक तौर पर जांच एजेंसी किसी नाम का खुलासा नहीं करती है तब तक किसी भी ठोस नतीजे पर नहीं पहुंचा जा सकता। एक तरफ जहां तीन लोगों के बीच उपजे विवाद के ऑडियो क्लिप में लिए गए नाम को पूरी तरह से सत्य मान लेना अभी जल्दबाजी ही होगी, तो वहीं जांच एजेंसी पर भी नज़रें रहेंगी कि क्या वो इस दिशा में कदम आगे बढ़ाएगी?

# भारत की सबसे बड़ी समस्या वायु प्रदूषण

**वायु गुणवत्ता सूचकांक यानी एक्यूआई का लगातार 'खराबइ या 'बेहद खराबइ या 'गंभीर और 'खतरनाक श्रेणी में होना सिर्फ दिल्ली और एनसीआर की परिघटना नहीं है। धीरे धीरे यह पूरे देश की परिघटना बन गई है। देश के बड़े शहरों से लेकर छोटे कस्बों तक हवा की खराब गुणवत्ता करोड़ों लोगों के जीवन को प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित कर रही है। गंगा यमुना के मैदानी इलाके सबसे ज्यादा प्रभावित हैं लेकिन देश के ज्यादातर शहरों में हवा के साथ जो अलग अलग साइज का पार्टिकुलेट मैटर यानी पीएम लोगों के फेफड़ों में भर रहा है वह लोगों की उम्र घटा रहा है। वह छोटे छोटे बच्चों के फेफड़े भी खराब कर रहा है।**

**अजीत द्विवेदी**

राजधानी दिल्ली और राजधानी क्षेत्र यानी एनसीआर का हर शहर वायु प्रदूषण की आपदा का शिकार है। यह अलग बात है कि सरकार इसे आपदा स्वीकार करने को तैयार नहीं है। संसद के शीतकालीन सत्र में केंद्रीय स्वास्थ्य राज्यमंत्री प्रतापराव जाधव ने राज्यसभा में बताया कि ऐसा कोई आंकड़ा देश में उपलब्ध नहीं है, जो किसी बीमारी या मृत्यु को सीधे तौर पर वायु प्रदूषण से जोड़ सके। उन्होंने यह भी कहा कि लोगों को सांस से संबंधित जो बीमारियां हो रही हैं उनमें हो सकता है कि एक कारण वायु प्रदूषण हो। इस तरह सरकार ने पल्ला झाड़ लिया और यह भी कह दिया कि सिर्फ वायु प्रदूषण से कोई बीमारी हो रही है या किसी की मौत हो रही है, इसका न कोई प्रमाण है और न कोई आंकड़ा है।

दूसरी ओर लोकलसर्कल्स की ओर से कराए गए ताजा सर्वेक्षण में दिल्ली में 82 फीसदी लोगों ने माना है कि है उनके किसी न किसी परिचित या रिश्तेदार को वायु प्रदूषण के कारण सांस से जुड़ी बीमारी हुई है। आठ फीसदी लोग दिल्ली छोड़ कर जाने को तैयार हैं और 74 फीसदी लोग इलाज के खर्च को लेकर चिंता में हैं। यह सर्वे तब का है, जब पड़ोस के राज्यों में किसानों का पराली जलाना बंद हो चुका है और फिर भी एक्यूआई सरकारी रीडिंग की अधिकतम सीमा पांच सौ तक पहुंचा हुआ है!

असल में वायु गुणवत्ता सूचकांक यानी एक्यूआई का लगातार 'खराबइ या 'बेहद खराबइ या 'गंभीरइ और 'खतरनाकइ श्रेणी में होना सिर्फ दिल्ली और एनसीआर की परिघटना नहीं है। धीरे धीरे यह पूरे देश की परिघटना बन गई है। देश के बड़े शहरों से लेकर छोटे कस्बों तक हवा की खराब गुणवत्ता करोड़ों लोगों के जीवन को प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित कर रही है। गंगा यमुना के मैदानी इलाके सबसे ज्यादा प्रभावित हैं लेकिन देश के ज्यादातर शहरों में हवा के साथ जो अलग अलग साइज का पार्टिकुलेट मैटर यानी पीएम लोगों के फेफड़ों में भर रहा है वह लोगों की उम्र घटा रहा है। वह छोटे छोटे बच्चों के फेफड़े भी खराब कर रहा है।

सेंटर फॉर रिसर्च ऑन एनर्जी एंड क्लीन एयर की रिपोर्ट के मुताबिक 2025 में देश के ढाई सौ से ज्यादा शहरों में हवा की गुणवत्ता को मॉनिटर किया गया और उनमें से डेढ़ सौ शहरों में पीएम 2.5 की मात्रा इसके लिए निर्धारित राष्ट्रीय औसत से ज्यादा मिली। इसके मुताबिक गंगा यमुना का मैदानी इलाका सबसे ज्यादा प्रभावित है। 2025 में दिल्ली में सर्दियों के मौसम में प्रति घनमीटर हवा में पीएम 2.5 का स्तर 107 से 130 रहा, जो भारत में तय राष्ट्रीय औसत 60 से दोगुने से भी ज्यादा है। हालांकि विश्व स्वास्थ्य संगठन, डब्लुएचओ ने तय किया है कि प्रति घनमीटर पीएम 2.5 का औसत 15 होना चाहिए। इसके मुताबिक आठ गुने से भी ज्यादा है। पीएम 2.5 सबसे बारीक और खतरनाक धूल कण होते हैं, जो सांस के साथ शरीर में जाते हैं और रक्त कोशिकाओं में घुल कर शरीर के हर हिस्से में पहुंच जाते हैं। ये समान रूप से हृद्य को, मस्तिष्क को और दूसरे अहम अंगों को नुकसान पहुंचाते हैं।

हवा की खराब गुणवत्ता दिल्ली के लोगों के जीवन को किस तरह से मुश्किल में डाल रही है इसको शिकागो यूनिवर्सिटी के एनर्जी पॉलिसी इंस्टीट्यूट के एयर क्वालिटी लाइफ इंडेक्स से समझा जा सकता है। इसके मुताबिक भारत में 46 फीसदी यानी लगभग आधे भारतीय ऐसे क्षेत्रों में रहते हैं, जहां वायु प्रदूषण के कारण औसत आयु में कमी आ रही है। अगर विश्व स्वास्थ्य संगठन के ओर से तय पीएम 2.5 के औसत को आधार मान कर देखें तो दिल्ली में प्रति व्यक्ति औसत आयु आठ साल कम हो रही है। स्टेट ऑफ ग्लोबल एयर रिपोर्ट 2025 के मुताबिक 2023 में वायु प्रदूषण के कारण भारत में 20 लाख लोगों की मौत हुई है। प्रदूषण से जुड़ी मृत्युदर में सन 2000 के बाद से 40 फीसदी से ज्यादा की बढ़ोतरी हुई है। सोचें, एक तरफ इतनी बड़ी संख्या में मौतें हो रही हैं, जो किसी न किसी रूप में प्रदूषण से जुड़ी हैं तो दूसरी ओर सरकार कह रही है कि उसके पास वायु प्रदूषण से होने वाली बीमारी और मौत का कोई आंकड़ा नहीं है!

ऐसा कैसे हो सकता है कि सरकार पीएम 2.5 और पीएम 10 के लोगों की सांस के साथ फेफड़े में और उनकी धमनियों में जाने के असर का आकलन नही कर सके, जबकि यह आज की समस्या नहीं है? दो दशक से ज्यादा समय से सर्दियों में पार्टिकुलेट मैटर्स के हवा के साथ नीचे आने और सांस के रास्ते लोगों के शरीर में प्रवेश करने और रक्त प्रवाह में शामिल होकर कई किस्म की बीमारियों को जन्म देने का खतरा जानकारों द्वारा बताया जा रहा है। पर्यावरण का अध्ययन करने वाली संस्थाओं के साथ साथ स्वास्थ्य के क्षेत्र में काम करने वाले जानकार और डॉक्टर लगातार इसे लेकर चेतावनी दे रहे हैं। कई अध्ययन यह बताते हैं कि अगर हवा में पीएम 2.5 के स्तर में 10 अंक की बढ़ोतरी होती है तो लंबे समय में यह मृत्यु दर को आठ फीसदी बढ़ा देता है और यह दिल की बीमारियों को कई गुना बढ़ाता है।

सरकार विदेशी एजेंसियों के आंकड़ों पर सवाल उठा सकती है। लेकिन क्या एम्स दिल्ली की रिपोर्ट को भी खारिज कर सकती है? एम्स दिल्ली का क्लीनिकल डाटा बताता है कि अगर पीएम 2.5 के स्तर में 10 अंक की बढ़ोतरी होती है तो बच्चों में सांस की बीमारियों में 20 से 40 फीसदी तक का इजाफा हो जाता है।



उनके फेफड़े के काम करने की क्षमता 10 से 15 फीसदी तक कम हो जाती है। यह मामूली चिंता की बात नहीं है कि देश के छह फीसदी बच्चे अस्थमा जैसी बीमारी से ग्रस्त हो गए हैं। जिस तरह से वायु प्रदूषण दिल और फेफड़े को प्रभावित करता है उसी तरह से यह मस्तिष्क को भी प्रभावित करता है। रक्त प्रवाह के साथ पीएम 2.5 जब ब्रेन तक पहुंचता है तो कई किस्म की न्यूरो समस्याओं को जन्म देता है। बच्चों में सोचने समझने की क्षमता को कम कर देता है और बड़े लोगों में याद्दाश्त को घटाता है। कई अंतरराष्ट्रीय अध्ययन से पता चलता है कि पीएम 2.5 की 10 अंक की मात्रा बढ़ने पर डिमेंशिया का खतरा 35 से 50 फीसदी तक बढ़ जाता है।

वायु प्रदूषण का खतरा वैसे तो हर वर्ग के लोगों के लिए है लेकिन सड़क के किनारे रहने वाले और औद्योगिक क्षेत्रों में खुले में रहने वाले लोग इससे ज्यादा प्रभावित हैं। क्षेत्र के हिसाब से देखें तो पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, बिहार सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। भारत की सबसे बड़ी समस्या यह है कि वायु प्रदूषण को सीजनल समस्या मान कर संभालने का प्रयास किया जाता है। सर्दियों में वायु प्रदूषण बढ़ता है तो पराली जलाने से लेकर दिवाली के पटाखों या गाड़ियों के प्रदूषण पर इसका ठीकरा फोड़ा जाता है। इसके बाद ग्रेडेड रिस्पांस एक्सन प्लान यानी ग्रैप के जरिए इसे काबू में करने का प्रयास होता है। लेकिन ग्रैप तात्कालिक उपाय है यह प्रदूषण रोकने का उपाय नहीं हो सकता है। इसकी बजाय पूरे साल गाड़ियों का धुआं, उद्योगों का धुआं, निर्माण और तोड़ फोड़ से उड़ने वाली धूल, कचरा जलाने और हाउसहोल्ड बायोमास को रोकने का प्रयास होना चाहिए। चीन की मिसाल से इसे समझना चाहिए। चीन में भारत से ज्यादा गाड़ियां हैं और ज्यादा धुआं निकलता है लेकिन उसने वायु प्रदूषण पर काबू पा लिया है।

# जैम से जीवन भर की कमाई संकट में

**दूसरा संकट है कि इसमें असली ठगों की जगह दूसरे ऐसे लोग फंस रहे हैं, जिनका इससे कोई लेना देना नहीं होता है। वे अनजाने में या थोड़े से लालच में ठगों के जाल में फंसते हैं और फिर मुकदमे झेलते हैं। ऐसे लोगों में कॉलेज जाने वाले छात्र, बेरोजगार इंसान, गांवों में रहने और छोटे मोटे काम करके कमाई करने वाले लोग, बुजुर्ग या नशे के आदी लोग शामिल हैं।**

**हरिशंकर व्यास**

जनधन खाते, आधार और मोबाइल यानी जैम ने लोगों का जीवन निश्चित ही बदला है। पर इन्हीं तीनों चीजों ने लाखों लोगों के जीवन को और उनकी जीवन भर की कमाई को संकट में भी डाला है। याद करें जब नोटबंदी का फैसला विफल होने लगा था और काला धन रोकने का दावा फेल हुआ तो कहा गया था कि इससे डिजिटल लेन देन बढ़ेगी। देश की अर्थव्यवस्था ज्यादा संगठित होगी। उस समय यह भी कहा गया कि लोग नकदी लेकर चलते हैं तो लूट हो जाने या छीन लिए जाने या पैसे गिर जाने का खतरा है। जबकि यदि उनके पास प्लास्टिक मनी हुई या उनके खाते को मोबाइल फोन के जरिए एक्सेस करके भुगतान हो सकेगा या पैसे निकाले जा सकेंगे या मोबाइल वॉलेट में पैसे होंगे तो छीन लिए जाने का खतरा कम होगा। लेकिन आज हालात क्या है? इसका उलटा हुआ। पहले लोगों के थोड़े से पैसे लूटे या छीने जाते थे लेकिन अब तो पूरी जमापूंजी ही गायब हो जाने का खतरा है। असंख्य लोग एक फ्रॉड काल में अपनी पूरी जमापूंजी गंवा चुके हैं।

दूसरा संकट है कि इसमें असली ठगों की जगह दूसरे ऐसे लोग फंस रहे हैं, जिनका इससे कोई लेना देना नहीं होता है। वे अनजाने में या थोड़े से लालच में ठगों के जाल में फंसते हैं और फिर मुकदमे झेलते हैं। ऐसे लोगों में कॉलेज जाने वाले छात्र, बेरोजगार इंसान, गांवों में रहने और छोटे मोटे काम करके कमाई करने वाले लोग, बुजुर्ग या नशे के आदी लोग शामिल हैं। इनको पैसे का लालच देकर ऐसे काम के लिए कहा जाता है, जो इनकी नजर में गैरकानूनी नहीं होता है। सोचें, पहले जब लूटमार या छीनझपट होती थी तो उन घटनाओं को अंजाम देने वाले गिरफ्तार होते थे। वे इस जोखिम को समझते थे इसलिए घटनाएं कम ही होती थी। लेकिन अब जो असल में लूट को अंजाम देता है वह कौन है, कहां बैठा है किसी को पता नहीं होता है। उसके काम का अंजाम दूसरे लोग भुगतते हैं। अब ठगी और लूट की ऐसी व्यवस्था बन गई है कि तकनीक की समझ रखने वाले लोग बहुत सहज तरीके से और कम जोखिम उठा कर ज्यादा लूट कर रहे हैं।

इस लूट को आम बोलचाल की भाषा में साइबर फ्रॉड के नाम से जाना जाता है। लेकिन इसके कई हिस्से हैं। एक क्रेडिट और डेबिट कार्ड का फ्रॉड है तो दूसरा मोबाइल वॉलेट से पैसे निकालने का फ्रॉड है, बैंकिंग से जुड़े फ्रॉड अलग हैं और सबसे ज्यादा चर्चा में डिजिटल अरेस्ट का फ्रॉड है। आम लोगों के लिए इसमें चिंता की बात यह होती है कि पुलिस भी तकनीक को लेकर बहुत जानकार नहीं है। बहुत देर से देश में साइबर थाने बने और साइबर क्राइम रजिस्टर्ड होने लगा लेकिन तब भी इसकी जांच करने वाले तकनीकी विशेषज्ञों की संख्या बहुत कम रही। जो ठगी करते हैं वे जांच करने वालों से मीलों आगे होते हैं। पारंपरिक ठगी और लूटमार में पुलिस अपने तरीके से अपराधियों तक पहुंच जाती है लेकिन साइबर अपराध में यह मुश्किल होता है। इसलिए साइबर अपराधियों के पकड़े जाने और लूटे गए पैसे की रिकवरी का औसत बहुत कम है।

किस तरह से आम लोगों से ठगी होती है और कैसे उसमें सीधे सादे लोग फंसते हैं यह जानना हैरान करने वाला है। सरकार ने लोगों के बैंक खाते, आधार, पैन और मोबाइल नंबर को लिंक करके उनका काम आसान बना दिया है। अगर साइबर ठग के पास किसी व्यक्ति का कोई एक नंबर है तो वह बड़ी आसानी से उसकी सारी जानकारी हासिल कर सकता है। सबको पता है कि भारत में आए दिन डाटा लीक होता रहता है, जिससे आम लोगों की सारी जानकारी ठगों तक पहुंचती है। इसके अलावा साइबर ठग लोगों के सोशल मीडिया अकाउंट्स को भी ट्रैक करते हैं। वहां से वे आसामी चुनते हैं, जिनके साथ ठगी करनी है और वहीं से ऐसे लोगों को भी चुनते हैं, जिनका ठगी में इस्तेमाल करना है। वे ऐसे लोगों का एक नेटवर्क बनाते हैं। उनको यह मैसेज दिया जाता है कि वे घर बैठे भारी भरकम कमाई कर सकते हैं। इसके लिए उनको ऑनलाइन मूवी रिव्यू करने, उसे स्टार देने या किसी उत्पाद को लाइक करने या इस तरह के छोटे मोटे काम कराए जाते हैं और बदले में कुछ पैसे भेजे जाते हैं।

## सिद्धांत चतुर्वेदी के बाद वी शांताराम से तमन्ना भाटिया की पहली झलक जारी, जयश्री रोल में दिखेंगी मिल्की ब्यूटी



बॉलीवुड अभिनेता सिद्धांत चतुर्वेदी अपनी अगली फिल्म को लेकर चर्चा में हैं, जो मशहूर फिल्म निर्माता वी शांताराम की बायोपिक है। कुछ दिन पहले फिल्म से अभिनेता की धोती–कुर्ता पहने पहली झलक सामने आई थी। इस बायोपिक फिल्म में सिद्धांत के अपोजिट अभिनेत्री तमन्ना भाटिया नजर आएंगी। फिल्म से उनकी पहली झलक सामने आई है। साथ ही उनके किरदार का खुलासा भी कर दिया गया है। वी शांताराम की बायोपिक फिल्म का निर्देशन अभिजीत शिरीष देशपांडे कर रहे हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक, वी शांताराम की बायोपिक में तमन्ना को जयश्री के किरदार में लिया गया है। फिल्म से अभिनेत्री का पहला पोस्टर सामने आया है, जिसमें उन्हें गुलाबी नौवारी साड़ी पहने दिखाया गया है। उनका ये लुक भारतीय सिनेमा के पुराने दौर में ले जाता है। पोस्टर में तमन्ना बेहद खूबसूरत अंदाज में नजर आ रही हैं, जो देखने में काफी दमदार लग रहा है। बायोपिक में उनके किरदार को देखने के लिए प्रशंसक भी उतावले हैं। जयश्री, वी. शांताराम की दूसरी पत्नी थीं, जिन्हें हिंदी सिनेमा में एक कुशल अभिनेत्री के तौर पर पहचाना जाता है। उन्होंने डॉ. कोटनीस की अमर कहानी, दहेज, शकुंतला और चंद्र राव मोरे जैसी फिल्मों में अपने शानदार अभिनय से लोगों के बीच पहचान बनाई थी।

## आईसीसी रैंकिंग: दीप्ति शर्मा टी–20 में नंबर–1 गेंदबाज बनी

नईदिल्ली,इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) द्वारा जारी ताजा रैंकिंग में भारतीय ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा को फायदा पहुंचा है। दरअसल, दीप्ति ने अपने करियर में पहली बार टी–20 गेंदबाजों में पहला स्थान हासिल किया है। वह हाल ही में श्रीलंका के खिलाफ टी–20 सीरीज में खेलते हुए नजर आई थी। वहीं दक्षिण अफ्रीका की लौरा वोल्वार्ड्ट बल्लेबाजों की वनडे रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच गई हैं। उन्होंने स्मृति मंधाना को पीछे छोड़ा है। आइए इस खबर पर एक नजर डालते हैं। दीप्ति ने श्रीलंका के खिलाफ पहले टी–20 मैच में 1 विकेट लिया था। उनके अब 737 रेटिंग अंक हो गए हैं। वहीं, ऑस्ट्रेलिया की एनाबेल सदरलैंड दूसरे स्थान पर खिसक गई है। ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज के 736 अंक हैं। पाकिस्तान की सादिया इकबाल 731 अंक के साथ तीसरे स्थान पर मौजूद हैं। शीर्ष–10 गेंदबाजों में दीप्ति के अलावा कोई अन्य भारतीय नहीं हैं। रेणुका सिंह ठाकुर 3 पायदान के नुकसान के साथ 14वें स्थान पर पहुंच गई है। जेमिमा रोड्रिगेज को टी–20 बल्लेबाजों की रैंकिंग में फायदा हुआ है। वह 5 स्थान ऊपर चढ़कर नौवें नंबर पर पहुंच गई हैं। रोड्रिगेज ने श्रीलंका के खिलाफ नाबाद अर्धशतक लगाकर प्लेयर ऑफ द मैच का खिताब जीता।

## बीसीसीआई ने महिला क्रिकेटरों की मैच फीस बढ़ाई

नईदिल्ली, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने महिला घरेलू क्रिकेटरों के लिए पेमेंट स्ट्रक्चर में एक बड़ा बदलाव किया है। बोर्ड ने घरेलू क्रिकेट में उनकी मैच फीस को पुरुष क्रिकेटरों के बराबर करने का फैसला किया है। नए पे स्ट्रक्चर के तहत, प्लेइंग इलेवन की हर खिलाड़ी को अब हर घरेलू वनडे और मल्टी–डे मैच के लिए प्रति दिन 50,000 रुपये मिलेंगे, जिसमें वे खेलेंगी। बीसीसीआई की एपेक्स काउंसिल ने सोमवार को इस फैसले को मंजूरी दी। वनडे में नए पेमेंट स्ट्रक्चर में जो खिलाड़ी प्लेइंग इलेवन का हिस्सा नहीं होंगे (बेंच पर होंगे) उन्हें भी प्रति मैच 25,000 रुपये की फीस मिलेगी। पहले, प्लेइंग इलेवन में सीनियर महिला खिलाड़ियों को प्रति मैच 20,000 रुपये मिलते थे, जबकि बेंच पर बैठी खिलाड़ियों को 10,000 रुपये मिलते थे। टी–20 मैचों के लिए, प्लेइंग इलेवन के लिए फीस 25,000 रुपये



और रिजर्व खिलाड़ियों के लिए 12,500 रुपये निर्धारित की गई है। जूनियर क्रिकेट इवेंट्स में, नए पेमेंट स्ट्रक्चर के तहत प्लेइंग इलेवन के लिए हर दिन 25,000 रुपये और रिजर्व खिलाड़ियों के लिए 12,500 रुपये मिलेंगे। यह पिछले पेमेंट स्ट्रक्चर से काफी ज्यादा है, जिसमें प्लेइंग इलेवन के खिलाड़ियों को हर दिन 10,000 रुपये और रिजर्व खिलाड़ियों को 5,000 रुपये मिलते थे। टी–20 मैचों के लिए उनकी फीस अब प्लेइंग इलेवन के लिए 12,500 रुपये और नॉन–प्लेइंग सदस्यों के लिए 6,250 रुपये होगी। वनडे विश्व कप 2025 की सफलता के बाद से भारतीय महिला क्रिकेटरों को बहुत बड़ा फायदा हुआ है, क्योंकि बीसीसीआई पेमेंट सिस्टम को बदलने वाला है।

## राहु केतु का दूसरा गाना यारी यही है हुआ जारी



पुलकित सम्राट और वरुण शर्मा की फिल्म राहु केतु 16 जनवरी, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। इस कॉमेडी फिल्म के जरिए फुकरे वाले सनी–चूचा वापस आ रहे हैं, जिन्हें देखने के लिए लोग भी बेताब हैं। निर्माताओं की ओर से आगामी फिल्म का दूसरा गाना यारी यही है जारी कर दिया गया है। इसे अरमान मलिक ने आवाज दी है, और संगीत अभिजीत वघानी ने दिया है। इससे पहले पार्टी एंथम गाना मदिरा जारी हुआ था। जी स्टूडियो के यूट्यूब चैनल पर रिलीज यारी यही है गाने को शुरुआत से अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। यह गाना दोस्ती की एक नई मिसाल पेश करता है, जिसमें पुलकित और वरुण का भाईचारा लोगों के दिल को छू जाएगा। राहु केतु की कहानी 2 दोस्तों के इर्द–गिर्द घूमती है जिन्हें गांव वाले मनहूस समझते हैं। वह जहां और जिसके भी घर जाते हैं, उनका बुरा वक्त शुरू हो जाता है। फिल्म महाराजा वाली शालिनी पांडे भी इसमें हैं। फिल्म 'राहु केतु की कहानी दो ऐसे दोस्तों के इर्द–गिर्द घूमती है, जिन्हें गांव वाले मनहूस मानते हैं। माना जाता है कि वे जहां भी जाते हैं या जिस घर में कदम रखते हैं,

## ब्लू बनारसी साड़ी में अनन्या पांडे लगीं अप्सरा, यूनिक ब्लाउज डिजाइन ने खींचा सबका ध्यान

कार्तिक आर्यन की हीरोइन अनन्या पांडे चर्चा में छाईं. सोशल मीडिया पर उनकी लेटेस्ट तस्वीरें तेजी से वायरल हो रही हैं, जिनमें वह ब्लू बनारसी साड़ी पहने नजर आ रही हैं. अनन्या के इस गॉर्जियस लुक ने फैंस का दिल पूरी तरह जीत लिया है. उनकी तस्वीरें सामने आते ही इंटरनेट पर खूब शेयर हो रही हैं और कोई उनके इश लुक की तारीफ कर रहा है, तो कई उनको ट्रोल भी करते दिख रहे हैं. अनन्या की ये खूबसूरत तस्वीरें फैशन डिजाइनर प्रियंका कपाड़िया ने अपने सोशल मीडिया हैंडल से शेयर की हैं. तस्वीरों में अनन्या की नैचुरल ब्यूटी और भी निखरा हुआ चेहरा नजर आ रहा है. कैमरे के सामने उनका कॉन्फिडेंस और ग्रेस देखकर फैंस की नजरें उन पर टिक ही जा रही हैं. एक्ट्रेस ने इस बार ब्लू बनारसी साड़ी को चुना है, जिसमें बेहद बारीक गोल्डन जरी की कारीगरी की गई है. साड़ी पर किया गया हैंडवर्क इसे और भी एलिगेंट बना रहा है.

## एशेज सीरीज 2025—26: चौथे टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलिया की टीम घोषित

नईदिल्ली, इंग्लैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ एशेज सीरीज 2025–26 के चौथे टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम की घोषणा की गई है। 15 सदस्यीय ऑस्ट्रेलियाई टीम में पैट कमिंस नहीं शामिल हैं और उनकी गैरमौजूदगी में स्टीव स्मिथ को टीम का कप्तान नियुक्त किया गया है। इसके साथ–साथ मेजबान टीम में टॉड मर्फी और झाई रिचर्डसन की वापसी हुई है। बता दें कि चौथा टेस्ट 26 दिसंबर से शुरू होना है। आइए ऑस्ट्रेलिया की टीम पर एक नजर डालते हैं।मर्फी को चोटिल नाथन लियोन की जगह ऑस्ट्रेलिया की टीम में शामिल किया गया है। वहीं रिचर्डसन भी 4 साल बाद टेस्ट खेलने की दौड़ में हैं, जबकि अपनी पीठ की चोट का इलाज करवा रहे हैं।



ऑस्ट्रेलिया की टीमः स्टीव स्मिथ (कप्तान), स्कॉट बोलैंड, एलेक्स कैरी, ब्रेंडन डॉगेट, कैमरून ग्रीन, ट्रेविस हेड, जोश इंग्लिस, उस्मान ख्वाजा, मार्नस लाबुशेन, टॉड मर्फी, माइकल नेसर, झाई रिचर्डसन, मिशेल स्टार्क, जेक वेदरल्ड, ब्यू वेबस्टर। पिछले महीने 38 साल के हुए लियोन पिछले एडिलेड टेस्ट के आखिरी दिन फील्डिंग करते समय अपनी दाहिनी हैमस्ट्रिंग में चोट लगा बैठे थे और क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने पुष्टि की है कि सर्जरी के बाद उन्हें लंबे समय तक बाहर रहना पड़ेगा। उन्होंने सोमवार को मेलबर्न में एक स्पेशलिस्ट से सलाह ली थी। इस दिग्गज ऑफ स्पिनर ने तीसरे टेस्ट में कुल 5 विकेट (2/70 और 3/77) लिए थे। मर्फी ने अब तक अपने 7 टेस्ट मैचों में 28.13 की औसत से 22 विकेट लिए हैं ये सभी मैच घर से बाहर खेले गए हैं। उन्होंने विक्टोरिया के लिए एमसीजी में अपने 3 शेफील्ड शील्ड मैचों में 25.33 की औसत से 6 विकेट लिए हैं। अगर वह मेलबर्न में खेलते हैं, तो यह 14 साल में पहली बार होगा जब ऑस्ट्रेलिया ने घर पर लियोन के अलावा किसी अकेले स्पेशलिस्ट स्पिनर को चुना है।

## एक नजर

### गुमशुदा महिला को सकुशल किया बरामद

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत एक वार्ड से गुमशुदा हुई महिला को एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग की टीम ने देहरादून से सकुशल बरामद कर लिया है।

मामले में कुछ दिन पूर्व महिला के पति की ओर से कोतवाली में तहरीर दी गई थी। जिसमें उन्होंने बताया था कि उनकी पत्नी घर से बिना बताए कहीं चली गई है।

रिश्तेदार व अन्य परिचितों से जानकारी जुटाने के बाद भी उसका कुछ पता नहीं चल पा रहा है। तहरीर मिलने के बाद एएचटीयू ने महिला की तलाश शुरु कर दी थी। मंगलवार को महिला को देहरादून से सकुशल बरामद कर उसके स्वजनों को सौंपा गया।

### मनोज मढ़वाल बनें प्रधान संगठन के अध्यक्ष

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : प्रखंड नैनीडांडा के ब्लाक सभागार में ग्राम प्रधानों की बैठक में ग्राम प्रधान संगठन का गठन किया गया। मनोज मढ़वाल को सर्वसम्मति से संगठन का अध्यक्ष व विजयपाल सिंह को महासचिव चुना गया। अन्य पदों पर शशि ध्यानी को संरक्षक, भारत सिंह बिष्ट को कोषाध्यक्ष, प्रियंका को सह कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई।

### विद्यालय को वाटर कूलर भेंट किया

श्रीनगर गढ़वाल : सिद्धपीठ मां धारी देवी मंदिर समिति ने आनंदा इंटरनेशनल स्कूल ढमक में एक वाटर कूलर प्रदान दिया। विद्यालय प्रशासन ने मंदिर समिति के अध्यक्ष जगदम्बा प्रसाद पाण्डेय का स्वागत किया। इस दौरान वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। जगदम्बा प्रसाद पाण्डेय ने विद्यालय प्रशासन को हर संभव सहायता एवं सहयोग प्रदान करने का भरोसा दिलाया। इस मौके पर पार्षद राजेंद्र सिंह नेगी, प्रधानाचार्य गीता भंडारी, विद्यालय समिति के अध्यक्ष डॉ. उत्तम सिंह भंडारी, राजेश पाण्डेय, गौरव बुटोला, सुदर्शन कुमार, सुमन रावत, राखी पंत, मानसी बंगवाल, रचना बहुगुणा, दीपिका उनियाल, मोनिका, विजय लक्ष्मी, मीनाक्षी, वंदना डंगवाल आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

### क्षेत्र के विकास कार्यों को गति दें : खंडेवाल

श्रीनगर गढ़वाल : विकासखंड कीर्तिनगर में ब्लॉक प्रमुख अचला खण्डेवाल की अध्यक्षता में राज्य वित्त योजना के अंतर्गत विकास योजनाओं का क्रियान्वयन किए जाने को लेकर मंगलवार को एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। क्षेत्र के विकास कार्यों को गति देना सहित आगामी योजनाओं की समीक्षा करने के उद्देश्य से आहूत बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई।

बैठक में ब्लॉक प्रमुख अचला खण्डेवाल ने जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों को राज्य वित्त के तहत आवंटित बजट का सदुपयोग करने और जनहित की योजनाओं को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। बैठक में विकासखंड के विभिन्न क्षेत्रों से आए प्रस्तावों पर भी विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। इस मौके पर सहायक खंड विकास अधिकारी दिलमणि जोशी, कनिष्ठ उप प्रमुख प्रियंका जयाड़ा, क्षेत्र पंचायत सदस्य रानीहाट मनोज कुमार जोशी, सुमन नौटियाल, विजयमोहन बहुगुणा, अनिता देवी, चन्द्रमोहन सिंह चौहान आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

### देवभूमि स्कूल ने जीता उद्घाटन मैच

श्रीनगर गढ़वाल : रोटरी क्लब अलकनंदा वैली के तत्वावधान में आयोजित विमला जुगराण स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता के तहत मंगलवार को पहला मैच जीआईसी कीर्तिनगर और देवभूमि पब्लिक स्कूल नकोट के बीच खेला गया। देवभूमि पब्लिक स्कूल ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 104 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए जीआईसी कीर्तिनगर की टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। टीम को अंतिम ओवर में 19 रन चाहिए थे, बल्लेबाजों ने पांच गेंदों में 15 रन बना दिए थे, अंतिम गेंद में 4 रन की आवश्यकता थी, लेकिन टीम इसमें सफल नहीं रही और हार गई। दूसरा मैच जीआईसी श्रीनगर और रेनबो पब्लिक स्कूल के बीच खेला गया, जिसमें रेनबो पब्लिक स्कूल ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 104 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए जीआईसी श्रीनगर ने 10.1 गेंद में दो विकेट खोकर 105 रन बना दिए। इस प्रकार जीआईसी श्रीनगर की टीम ने यह मैच अपने नाम किया। जीआईसी श्रीनगर के कप्तान नमन ने उत्कृष्ट बल्लेबाजी की। (एजेंसी)

# सर्द हो रहे मौसम में बढ़ी पहाड़ी दाल की डिमांड


कोटद्वार के बदरीनाथ मार्ग में पहाड़ी उत्पाद बेचते राजेंद्र सिंह

## गत वर्ष के मुकाबले इस वर्ष बढ़े पहाड़ी दाल के दाम

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : ठंड के मौसम में पहाड़ी दाल की डिमांड बढ़ गई है। कोटद्वार शहर में अच्छी तादात में पहाड़ी दाल की खपत हो रही है। मैदान में डिमांड बढ़ने से पहाड़ के पहाड़ी दालों के बाजार में उछाल आ गया है। इस वर्ष कई दालों में पांच से दस रुपए का उछाल हुआ है। वहीं, लोग मंडवे के आटे को भी खूब पसंद कर रहे हैं। पहाड़ी दाल की डिमांड बढ़ने से पहाड़ के काश्तकारों को भी काश्तकारों को भी इसका लाभ हो रहा है।

पहाड़ी दालों की तासीर गर्म होती है। यही कारण है कि ठंड के मौसम में पहाड़ी दालों की डिमांड लगातार बढ़ने लगती है। कोटद्वार से दिल्ली, गुडगांव सहित अन्य मौदानी क्षेत्रों को जाने वाली प्रवासियों के बीच पहाड़ी दाल सबसे अधिक लोकप्रिय बनी हुई है। यही नहीं, कई प्रवासी गांव से निकलने से पहले ही दुकानदार को अपना आर्डर नोट करवा दे रहे हैं। कोटद्वार के बदरीनाथ मार्ग में पहाड़ी दाल बेचने वाले राजेंद्र सिंह ने बताया कि पिछले कुछ माह से पहाड़ी उत्पादों का बाजार ठंडा पड़ा हुआ था। लेकिन, ठंड बढ़ने के साथ ही बेहतर लाभ मिल रहा है।

### बारिश की मार का दिखा असर

वर्षाकाल में हुई अधिक बारिश का असर पहाड़ी दालों पर भी देखने को मिल रहा है। अधिक बारिश के कारण उड़द, रयांस, गहथ, तोर, भट्ट सहित विभिन्न दालों की कई फसल बर्बाद हो गई थी। नतीजा, दालों की उत्पादन गत वर्ष के मुकाबले इस वर्ष कम रहा। साथ ही दालों की दरें भी बढ़ गई। इस बार कई दालों के दाम आसपास छू रहे हैं। दाल बेचने वाले व्यापारियों का कहना है कि इस बार बहुत कम गांव में ही पहाड़ी उत्पाद मिल रहे हैं।

### यह हैं दाम

| पहाड़ी दाल | दाम (प्रति किग्रा) |
|---|---|
| गहथ | 180 |
| मिक्स मोटी दाल | 120 |
| पहाड़ी उड़द | 140 |
| रयांस | 100 |
| झंगोरा | 100 |
| काला भट्ट | 100 |
| जख्या | 120 |

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** कोटद्वार नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत विशप चर्च हाउस की आवासीय कालोनी निवासी एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उत्तर प्रदेश के अमरोहा के अक्खानगला गांव निवासी रितिक (20) पुत्र पपीन कुमार ने अपने कमरे में पंखे से लटक कर फांसी लगा ली। वर्तमान में वह विशप चर्च हाउस की आवासीय कालोनी में रह रहा था। स्वजनों ने बताया कि रितिक दोपहर खाना खाने के बाद अपने कमरे में चला गया था। दोपहर के बाद उसका छोटा भाई जब स्कूल से अपने कमरे में आया तो कमरा अंदर से बंद था। काफी देर तक दरवाजा खटखटाने के बाद जब कमरे से कोई आवाज नहीं आई तो उसने चर्च में कार्य करने वाले अपने पिता को घटना की जानकारी दी। आसपास के लोगों के सहयोग से दरवाजा तोड़कर देखा तो वह पंखे से लटका हुआ था। पंखे के हुक से रस्सी के सहारे झूल रहे रितिक को नीचे उतार कर राजकीय बेस चिकित्सालय में लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## प्रिंस रावत व काजल आर्य दौड़ी सबसे तेज

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : क्रेडिल पब्लिक स्कूल में वार्षिक खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसके तहत बच्चों के लिए दौड़ सहित अन्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस दौरान दौड़ प्रतियोगिता में प्रिंस रावत व काजल आर्य ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।विद्यालय में आयोजित प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रबंधक रेणुका गुसाईं व राजीव गुसाईं ने किया। उन्होंने बच्चों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इसके उपरांत सीनियर बालक वर्ग के चार सौ मीटर दौड़ में प्रिंस रावत प्रथम, ऋषभ रावत द्वितीय व नैतिक तृतीय रहे। बालिका वर्ग में काजल आर्य प्रथम, कनक द्वितीय व साक्षी तृतीय रही। बालक वर्ग की 200 मीटर दौड़ में अक्षित रावत प्रथम, अनुराग सिंह द्वितीय व अंश रावत तृतीय रहे। बालिका वर्ग में सिमरन राणा प्रथम, कृष्णिका गुसांई द्वितीय व दृष्टि भंडारी तृतीय रहे। बालक वर्ग की 100 मीटर दौड़ में आशुतोष प्रथम, आयुष असवाल द्वितीय व आदर्श तृतीय रहे। बालिका वर्ग में अनुष्का रावत प्रथम, प्रियांशी नेगी द्वितीय व अक्षिता रावत तृतीय रहे। सीनियर बालक वर्ग की 400 मीटर रिले दौड़ में ग्रीन हाउस प्रथम, ब्लू हाउस द्वितीय व यलो हाउस तृतीय रहे। बालिका वर्ग में रेड हाउस प्रथम, ग्रीन हाउस द्वितीय व यलो हाउस तृतीय रहे। जूनियर बालक वर्ग की 200 मीटर दौड़ में मनन नेगी प्रथम, आरव रावत द्वितीय व सुशांत रावत तृतीय रहे। बालिका वर्ग में सेजल गुसाईं प्रथम, कनक नेगी द्वितीय व आरुषि रावत तृतीय रहे। जूनियर बालक वर्ग की शतरंज प्रतियोगिता में श्रेयस नेगी प्रथम व कार्तिक रावत द्वितीय रहे।

बालिका वर्ग की शतरंज प्रतियोगिता में सेजल गुसाईं प्रथम व आरुषि द्वितीय रहे। सीनियर बालक वर्ग की शतरंज प्रतियोगिता में अभिजीत प्रथम व शाश्वत द्वितीय रहे। सीनियर बालिका वर्ग की शतरंज प्रतियोगिता में जानवी प्रथम व आराध्या रावत द्वितीय रहे। जूनियर बालक वर्ग की कैरम प्रतियोगिता में समर्थ रावत प्रथम व देवांश द्वितीय रहे। जूनियर बालक वर्ग डबल की कैरम प्रतियोगिता में रेड हाउस प्रथम व ग्रीन हाउस द्वितीय रहे। कैरम प्रतियोगिता सिंगल्स बालिका वर्ग में सुनिधि प्रथम व आरोही द्वितीय रहे। जबकि डब्ल्स में ब्लू हाउस प्रथम व रेड हाउस द्वितीय रहे।

# घर में घुसकर महिला से मोबाइल छीनने वाला हुआ गिरफ्तार

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : कोटद्वार नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत एक वार्ड में घर में घुसकर महिला से मोबाइल छीनने व बुजुर्ग के साथ मारपीट करने वाले एक व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। व्यक्ति के पास से पुलिस ने मोबाइल भी बरामद किया है।

मामले में दीपक सिंह नेगी की ओर से कोतवाली में तहरीर दी गई थी। जिसमें उन्होंने बताया कि घर में उनकी पत्नी व 80 वर्षीय उनके पिता मौजूद थे। इसी दौरान अनुज नेगी नामक एक युवक जबरन उनके घर में घुसा और उनकी पत्नी से मोबाइल छीनने लगा। बताया कि विरोध करने पर व्यक्ति ने उनके पिता के साथ भी मारपीट की।


कोतवाली पुलिस की हिरासत में आरोपी

पुलिस ने बताया कि आरोपित की पहचान जनपद रूद्रप्रयाग निवासी ग्राम ढौडिक क्यूडी निवासी अनुज नेगी के रूप में हुई। आरोपित को बीईएल रोड तिराहे के समीप से गिरफ्तार किया गया।

# मनरेगा का नाम बदलने पर कांग्रेस ने जताया रोष

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : केंद्र सरकार की ओर से मनरेगा का नाम बदले जाने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने रोष व्यक्त किया है। कहा कि कार्यकर्ताओं ने सरकार पर जनता की अनदेखी कर जन विरोधी नीतियां अपनाने का आरोप लगाया। कहा कि जनता की अनदेखी किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पूर्व प्रदेश महामंत्री रंजना रावत के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्त्ता तहसील परिसर में एकत्र हुए, जहां उन्होंने उपजिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन प्रेषित किया। रंजना रावत ने कहा कि वर्तमान में केंद्र सरकार ने पूर्व से चली आ रही महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम का नाम बदल कर श्रीरामजी ग्रामीण रोजगार और सामाजिक मिशन का विधेयक संसद में पारित करवा दिया है। कहा कि वर्तमान में केंद्र सरकार लोगों को विकास के नाम पर गुमराह करने का प्रयास कर रही है। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार की योजनाओं के नामों को बदला जा रहा है। कहा कि भाजपा सरकार महात्मा गांधी का नाम मिटाने की साजिश रच रही है। कहा कि केंद्र सरकार ईडी व सीबीआई जैसी एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है। कहा कि नेशनल हेराल्ड के मामले को भी दिल्ली राउज एवेन्यू कोर्ट ने चार्जशीट पर शिकायत को अवैध मानते हुए संज्ञान लेने से मना कर दिया। जिससे स्पष्ट होता है कि केंद्र सरकार विपक्ष के खिलाफ जांच एजेंसियों का दुरुपयोग साबित होता है। इस मौके पर लक्ष्मी चौहान, प्रदीप नेगी, आशाराम, परमानंद, सुशीला भारती, महावीर सिंह नेगी, वीरेंद्र सिंह रावत मौजूद रहे।


कोटद्वार में प्रशासन के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजते कांग्रेसी

# पानी की टंकी पर चढ़े छात्र, समस्याओं के निराकरण की मांग

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : अपनी विभिन्न मांगों को लेकर आक्रोशित राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोटद्वार के विद्यार्थी मंगलवार को पानी की टंकी में चढ़ गए। महाविद्यालय की ओर से आश्वासन मिलने के बाद छात्र टंकी से नीचे उतरे।

पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष अंकुश घिल्डियाल के नेतृत्व में एनएसयूआई से जुड़े विद्यार्थी महाविद्यालय में पानी की टंकी के समीप एकत्रित हुए। इसके उपरांत विद्यार्थी उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत के खिलाफ नारेबाजी करते हुए पानी की टंकी पर चढ़ने लगे। प्राचार्य सहित अन्य शिक्षकों ने मौके पर पहुंचकर विद्यार्थियों से पानी की टंकी से नीचे उतरने की अपील की। लेकिन, विद्यार्थी समस्याओं के निराकरण की मांग पर अड़े हुए थे। छात्र नेताओं ने कहा कि वाणिज्य, अंग्रेजी व चित्रकला विषय के बीकाम, बीए सेमेस्टर के विद्यार्थियों को एनईपी- 2025-26 के


कोटद्वार के महाविद्यालय में पानी की टंकी के ऊपर चढ़े छात्र नेता

पाठ्क्रम के अनुरूप प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा में सम्मलित होना है। जबकि, इन विषयों के प्रथम सेमेस्टर पाठ्यक्रम में परिवर्तन किया गया है। ऐसे में पूर्व विद्यार्थियों (बेक परीक्षा के छात्रों) को परेशानी होगी। विद्यार्थियों ने परीक्षा की तिथि में परिवर्तन की भी मांग उठाई। कहा कि इससे विद्यार्थियों को अध्ययन का पर्याप्त समय मिलेगा। वहीं, जो विद्यार्थी पूर्व में परीक्षा फीस जमा कर चुके हैं। उनसे दोबारा फीस वसूली जा रही है। विद्यार्थियों को पूर्व में जमा फीस वापस देने का आश्वासन दिया जा रहा है। कहा कि पूर्व में जमा फीस को समायोजित किया जाना चाहिए। प्राचार्य के आश्वासन के करीब एक घंटे बाद ही विद्यार्थी पानी की टंकी से नीचे उतरे। इस मौके पर मनीष, अंजली, मोहित सौरभ, रोहित आदि मौजूद रहे।

## महिलाओं को बांटी महालक्ष्मी किट

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : प्रखंड एकेश्वर के अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र गजेरा में बालिका जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें महिलाओं को उपहार व महालक्ष्मी किट वितरित किए गए।

कार्यक्रम का शुभारंभ बाल विकास परियोजना अधिकारी हेमंती रावत ने किया। उन्होंने बालिकाओं की शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि बालकों की भांति बालिकाओं को शिक्षा ग्रहण करवाना अनिवार्य है। कहा कि एक महिला के शिक्षित होने से पूरा परिवार शिक्षित होता है। सुपरवाईजर शारदा रानी ने नंदागौरा योजना व प्रधानमंत्री मातृत्व योजना के विस्तृत जानकारी दी। रक्षा जोशी ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के बारे में जानकारी साझा की। इस मौके पर सभी महिलाओं को उपहार व महालक्ष्मी किट वितरित किए गए।

# एनआईटी में पांच दिवसीय जीआईएएन पाठ्यक्रम शुरू

श्रीनगर गढ़वाल : राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) उत्तराखंड के गणित विभाग की ओर से पांच दिवसीय ग्लोबल इनिशिएटिव ऑफ एकेडमिक नेटवर्क्स (जीआईएएन) पाठ्यक्रम का शुभारंभ हुआ। वैश्विक स्वास्थ्य चुनौतियों के लिए डेटा-आधारित चिंतन, मॉडलिंग एवं सांख्यिकीय निष्कर्षण विषय पर आयोजित यह पाठ्यक्रम भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा प्रदान किए गए लगभग 6 लाख के अनुदान से 23-27 दिसंबर तक संचालित किया जाएगा।

मुख्य अतिथि एमएनआईटी भोपाल एवं उत्तराखंड एनआईटी के निदेशक प्रो. केके शुक्ल ने कहा कि डेटा-आधारित अनुसंधान, गणितीय मॉडलिंग और सांख्यिकीय विश्लेषण आज वैश्विक स्वास्थ्य समस्याओं के समाधान में निर्णायक भूमिका निभा रहे हैं। कहा कि इस प्रकार के अंतरराष्ट्रीय पाठ्यक्रम संस्थान की अकादमिक प्रतिष्ठा को और सुदृढ़ करते हैं। विदेशी विशेषज्ञ के रूप में फैकल्टी, साउथ माउंटेन कम्युनिटी कॉलेज, फीनिक्स (अमेरिका) के डॉ. अनुज मुबायी ने पाठ्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि यह कार्यक्रम प्रतिभागियों को गणितीय मॉडलिंग, सांख्यिकीय महामारी विज्ञान, डेटा एनालिटिक्स, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) एवं मशीन लर्निंग जैसे आधुनिक उपकरणों से परिचित कराएगा। गणित विभाग, एनआईटी उत्तराखंड की ओर से पाठ्यक्रम समन्वयक डॉ. धर्मेंद्र त्रिपाठी ने पोस्ट कोविड-19 युग में इस पाठ्यक्रम की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में सह पाठ्यक्रम समन्वयक के रूप में डॉ. शशांक भातरा, कुलसचिव हरि मौल आजाद, डीन डॉ. विवेक श्रीवास्तव, डॉ. डीबी सिंह आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

## थानाध्यक्ष जगमोहन रमोला को स्थानान्तरण पर दी विदाई



**जयन्त प्रतिनिधि। सतपुली :** मंगलवार को सतपुली थाना परिसर में स्थानांतरित थाना प्रभारी जगमोहन रमोला के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि थानाध्यक्ष जगमोहन रमोला अपने कार्यों के प्रति सजगता व कर्तव्यनिष्ठता को हम हमेशा याद रखेंगे।

वहीं श्रीनगर कोतवाली से स्थानांतरण होकर आए पंकज कुमार थानाध्यक्ष सतपुली ने भी अपना कार्यभार ग्रहण किया। इस अवसर पर लोगों ने उनके सतपुली पहुंचने पर फूल मालाओं से स्वागत किया। नव नियुक्त थानाध्यक्ष ने कहा कि जनता के साथ तालमेल तथा कानून व्यवस्था कायम रखना मेरी प्राथमिकता है। सबको साथ लेकर जनता का विश्वास कायम रखूंगा और कानून का पालन करते हुए लोगों की समस्याओं का निस्तारण करूंगा। इस अवसर पर पर पूर्व थाना अध्यक्ष सतपुली लाखन सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष जितेंद्र चौहान, पार्षद अमित रावत, चंद्र मोहन सिंह रावत, संजय रावत, पुष्पेंद्र राणा, व्यापार संघ के अध्यक्ष जयदीप नेगी, महामंत्री धीरेंद्र नेगी, अंकित ठाकुर, बृजमोहन सिंह, वेद प्रकाश वर्मा संजय कुकरेती आदि मौजूद थे।

### निपुण विद्यार्थी प्रतियोगिता में अनुज रहा अव्वल

श्रीनगर गढ़वाल : समग्र शिक्षा के अंतर्गत विकासखण्ड खिर्सू की ब्लॉक स्तरीय निपुण विद्यार्थी प्रतियोगिता मंगलवार को नन्दन नगर पालिका जूनियर हाईस्कूल श्रीनगर के सभागार में सम्पन्न हुई। प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए खण्ड शिक्षा अधिकारी अश्वनी रावत ने कहा कि निपुण विद्यार्थी प्रतियोगिता का उद्देश्य भाषा एवं संख्याज्ञान छात्रों में गणितीय और तार्किक शक्ति का विकास करना है। कहा कि यह प्रतियोगिता छात्रों को अपनी प्रतिभा दिखाने और आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती है। प्रतियोगिता में संकुल चमराड़ा, देवलगढ़ और पोखरी तीन न्याय पंचायतों से कुल 9 बच्चों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में राप्रावि चोपड़ा के अनुज ने प्रथम, राप्रावि कि विभूति ने द्वितीय और राप्रावि मरोड़ा की दिया बिष्ट ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के प्रथम विजेता को 3 हजार, द्वितीय को 2 हजार और तृतीय स्थान प्राप्त करने पर 1 हजार रूपये के नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस मौके पर लक्ष्मी कुकरेती, आरती थपलियाल, चारुस्मिता, विनीता पैन्यूली, कार्यक्रम प्रभारी मुकेश काला, जयदयाल चौहान, संजय नौडियाल, विपिन गौतम, नवीन धारीवाल आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

# जयंती पर शिक्षाविद गोविन्द राम घिल्डियाल को किया याद

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : आधारशिला संस्थान के तत्वावधान में राजकीय इण्टर कॉलेज बड़खेत, पौड़ी गढ़वाल में शिक्षाविद् स्व. गोविन्द राम घिल्डियाल की 97वीं जयंती मनाई गई। इस अवसर पर प्रधानाचार्य यजुवेंद्र सिंह रावत को आदर्श शिक्षक के रूप में शाल एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया। विद्यालय की छात्रा सिमरन को आदर्श छात्र का सम्मान प्रदान किया गया। इस दौरान सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में प्रथम तीन स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया मंगलवार को विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पं. डॉ. राजेन्द्र अण्थवाल अध्यक्ष गौ सेवा आयोग उत्तराखण्ड, डॉ. विनोद कुमार गौड़ पूर्व अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक राष्ट्रीय बीज निगम कृषि मंत्रालय भारत सरकार, पूर्व प्रधानाचार्य गोविन्द सिंह रावत ने शिक्षाविद् स्व. गोविन्द राम घिल्डियाल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर पूर्व प्रधानाचार्य गोविन्द सिंह रावत ने शिक्षाविद् स्व. गोविन्द राम घिल्डियाल के व्यक्तित्व एवं कृतित्व के बारे में विस्तार से बताया। इस अवसर पर आधारशिला संस्थान के संस्थापक नरेश घिल्डियाल, ग्रामीण विकास मंच के अध्यक्ष प्रवेश चन्द्र नवानी, रमेशचन्द्र घिल्डियाल, शिक्षक दीपक जदली, सतेन्द्र सिंह, आनन्द सिंह, राकेश देवरानी सहित क्षेत्रीय जनता उपस्थित थी।



## सुशासन सप्ताह के दौरान प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता से करें निस्तारण

**जयन्त प्रतिनिधि। चमोली :** परियोजना निदेशक आनंद सिंह भाकुनी की अध्यक्षता में मंगलवार को आपदा कार्यालय सभागार में प्रशासन गांव की और व जन जन की सरकार जन जन के द्वार को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सुशासन सप्ताह, प्रशासन गांव की ओर व जन जन के द्वार को लेकर चर्चा की गई। परियोजना निदेशक आनंद सिंह भाकुनी ने बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों को विभिन्न पोर्टलों पर प्राप्त शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता से करने के साथ ही जिला प्रशासन को प्राप्त सभी शिकायतों को वर्तमान सुशासन पोर्टल पर भी दर्ज कराने के दिये निर्देश। जिला विकास अधिकारी के.के. पंत ने बताया कि जनपद में ''जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार'' कार्यक्रम के तहत जनपद में वर्तमान तक छः बहुउदेशीय शिविरों का आयोजन किया जा चुका है, जिसमें जनपद की जनता ने कुल 967 शिकायतें दर्ज करायी हैं जिसमें से कुल 716 शिकायतों का निस्तारण वर्तमान तक किया जा चुका है। सहायक कोषाधिकारी सुरेन्द्र वर्मा ने बताया कि कोषागार चमोली द्वारा एक क्यूआर कोड तैयार किया गया है जिसे स्कैन करने पर आमजन को कोषागार सम्बन्धी सभी योजनाओं की जानकारी उनके मोबाइल पर ही मिल सकेगी। इस दौरान जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी विनय जोशी एवं अन्य विभागीय अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।



### अल्केश्वर घाट का मरम्मत कार्य ठप होने से लोगों में रोष

श्रीनगर गढ़वाल : अल्केश्वर घाट के पुनर्स्थापना और मरम्मत का कार्य शुरू होने के बाद पिछले एक माह से ठप पड़ा हुआ है। करीब एक माह पूर्व शुरू हुआ यह कार्य केवल दो-तीन दिन चलने के बाद बंद हो गया, जिससे स्थानीय लोगों में नाराजगी और असमंजस की स्थिति बनी हुई है। अल्केश्वर घाट की मरम्मत सिंचाई विभाग द्वारा लगभग साढ़े तीन करोड़ रूपये की लागत से कराई जा रही है। घाट 2023 की भारी बरसात में बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया था। उस दौरान घाट की टाइलें उखड़ गई थीं, रेलिंग टूट गई थी और आरसीसी पिलर भी प्रभावित हुए थे। इस संबंध में सिंचाई विभाग के सहायक अभियंता प्रशांत चौहान ने बताया कि मरम्मत कार्य के लिए आवश्यक मशीनें अभी साइट पर नहीं पहुंच पाई हैं।


उत्तर रेलवे

निविदा सूचना

| | |
|---|---|
| विभाग | Electrical (TRD) |
| टेंडर नं. | T-17-TRD-VB-25-26 |
| कार्य का नाम | मुरादाबाद मंडल के अंतर्गत एस.एम.आई TVMVCG9 रे-3 या नवीनतम के अनुसार कैटेनरी कर्षण वसैग्स में पैकिंग ... (आर.आई. 1174) का प्रावधान। |
| निविदा जमा करने की अंतिम दिनांक एवं समय | 13.01.2026, 15:00 Hrs |
| कार्य की अनुमानित लागत (रु.) | रु. 34,85,070/- (Including GST@18%) |
| बिड सिक्यूरिटी राशि (रु.) | रु. 69,700/- |
| निविदा प्रपत्र मूल्य (रु.) | NIL |
| ऑफर की वैधता (दिन) | 60 days |
| कार्य पूरा करने की अवधि | 04 Months |
| वेबसाइट एवं कार्यालय का पता | www.ireps.gov.in Divisional Railway Manager's Office, Northern Railway, Moradabad. |

सं.: Elect/TRD/MB/2025-26/TN-14 दिनांक: 23.12.2025 3975/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# बहुउद्देशीय शिविर में मुख्यमंत्री ने सुनी जनसमस्याएं, दिए त्वरित समाधान के निर्देश

**जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून :** प्रशासन गांव की ओर अभियान के अंतर्गत जनपद अल्मोड़ा के विकासखंड ताड़ीखेत की न्याय पंचायत जैनोली में आयोजित बहुउद्देशीय शिविर में मुख्यमंत्री ने स्वयं प्रतिभाग किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने शिविर में लगाए गए सभी विभागों के स्टालों का एक-एक कर निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने मुख्यसेवक के स्टाल पर बैठकर आमजन की समस्याओं को गंभीरता से सुना। मुख्यमंत्री ने शिविर में उपस्थित नागरिकों से सीधे संवाद स्थापित करते हुए प्राप्त शिकायतों पर एक-एक कर चर्चा की और संबंधित विभागीय अधिकारियों को त्वरित एवं समयबद्ध समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इन शिविरों का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि सरकारी सेवाएं आमजन को उनके द्वार पर उपलब्ध हों, ताकि उन्हें अपनी समस्याओं के समाधान के लिए अनावश्यक रूप से दौड़-भाग न करनी पड़े। अधिकारी स्वयं गांव में आकर जनता के कार्य करेंगे और उनकी परेशानियों का समाधान करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार के सभी विभाग एक ही मंच पर जनता के द्वार पर उपस्थित हैं और आमजन को इस सुविधा का अधिकतम लाभ उठाना चाहिए। यह कार्यक्रम विशेष रूप से जनता की सुविधा के लिए आयोजित किए जा रहे हैं। इस मौके पर विधायक रानीखेत प्रमोद नैनवाल, जिलाधिकारी अंशुल सिंह, मुख्य विकास अधिकारी रामजीशरण शर्मा, जॉइंट मजिस्ट्रेट गौरी प्रभात सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।



**सीएम ने की विद्यालय भवन के जीर्णोद्धार की घोषणा**

शिविर के दौरान पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज जैनोली के जर्जर भवन को लेकर प्राप्त शिकायत पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विद्यालय भवन के जीर्णोद्धार की घोषणा की। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को सुरक्षित एवं बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रशासन गांव की ओर अभियान शासन और जनता के बीच संवाद, विश्वास और सहभागिता को सशक्त करने की दिशा में एक प्रभावी पहल है, जिससे जनसमस्याओं का समाधान त्वरित, पारदर्शी और प्रभावी रूप से किया जा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### सांस्कृतिक संध्या में रही लोकगीतों की धूम

नई टिहरी। स्व. सरदार सिंह रावत राजकीय इंटर कॉलेज नैनबाग के वार्षिकोत्सव सांस्कृतिक संध्या गीतों की धूम रही। सांस्कृतिक प्रतियोगिता में देवांशी पब्लिक स्कूल नैनबाग ने पहला स्थान प्राप्त किया। राजकीय इंटर कॉलेज नैनबाग की स्वर्ण जयंती समारोह की सांस्कृतिक संध्या पर लोक गायिका रेशमा शाह ने जब–जब तेरी याद आणी, अगलाड़ की माछी, कुछ रे गांव कु छोरा बैठा जा जाण–पछाण लगा, सड़क सेरैना आदि गीतों की प्रस्तुति दी। लोक गायक अनूप चांटा ने जौनपुरी गीतों की प्रस्तुति दी। प्रधानाचार्य चंद्रशेखर नौटियाल ने कि जीआईसी नैनबाग का 50 वर्षों का इतिहास गौरव पूर्ण रहा है। लोक गायिका रेशमा ने कहा कि जौनपुर की संस्कृति अपने आप में अलग पहचान रखती है। सभी मिलकर इसे संजोए रखना है। सांस्कृतिक प्रतियोगिता में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर ने दूसरा व जीआईसी नैनबाग ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर प्यारे लाल सेमवाल, ऋतुराज रावत, अजय रावत, धनवीर सिंह रावत, अनिल नौटियाल, अजीत नेगी, वीर शाश्वत, गंभीर रावत, धीरेंद्र पंवार, गब्बर चौहान, सुनील डोभाल, गंभीर चौहान आदि मौजूद थे।

### क्रिसमस और नए साल पर सतर्कता बरते पुलिस : एसएसपी

नई टिहरी। पुलिस लाइन में आयोजित मासिक अपराध गोष्ठी में एसएसपी आयुष अग्रवाल ने पुलिस कार्यप्रणाली की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि क्रिसमस और नए साल पर पुलिस कर्मी सतर्कता बरतें। पुलिस कर्मियों की समस्याएं सुनने के बाद थाना प्रभारियों को त्वरित और प्रभावी समाधान के निर्देश दिए। इस दौरान 19 पुलिस कर्मियों को महीने का सर्वश्रेष्ठ कर्मचारी घोषित कर उन्हें नकद और प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया। चंबा पुलिस लाइन में आयोजित गोष्ठी में एसएसपी ने जिले में घटित अपराधों, लंबित विवेचनाओं और कानून व्यवस्था की जानकारी हासिल की। आगामी तिथियों को क्रिसमस और थर्टी फस्ट के आयोजन को देखते हुए सभी थाना क्षेत्रों में यातायात प्रबंधन और भीड़ नियंत्रण के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात करने के निर्देश दिए।

## एनएच नई टिहरी–भागीरथी पुरम से बनाने का प्रस्ताव

नई टिहरी। नई टिहरी और बौराड़ी व्यापार मंडल की बैठक में राष्ट्रीय राजमार्ग 707 ए को नई टिहरी–बौराड़ी–भागीरथी पुरम से बनाएं जाने, प्रस्तावित कोटी कॉलोनी रोपवे का निमार्ण के साथ जिला अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार सहित अन्य बिंदुओं पर प्रस्ताव पास किया। नई टिहरी हनुमान चौक स्थित बारात घर में नई टिहरी और बौराड़ी व्यापार मंडल के अध्यक्ष भगवान सिंह रावत और शिवराज सजवाण के नेतृत्व में व्यापारियों की बैठक संपन्न हुई। व्यापार मंडल अध्यक्ष रावत और सजवाण ने बताया कि बैठक में व्यापारियों ने शहर की सुविधाओं में विस्तार की मांग उठाई। कहा कि बालमा गांव के समीप प्रस्तावित पालिटेक्निक कॉलेज का निर्माण नई टिहरी किया जाए, पीजी कॉलेज नई टिहरी में व्यवसायिक विषयों का संचालन शुरू करने, एडीबी के सहयोग से नई टिहरी बाजार का सौंदर्यीकरण किया जाए। मेडिकल कॉलेज की स्थापना नई टिहरी शहर में करवाने, केंद्रीय विद्यालय के पुराने भवन में आरटीओ कार्यालय की स्थापना की मांग रखी। कहा कि जिला अस्पताल के समीप स्वीकृत क्रिटिकल यूनिट (सीसीयू) की स्थापना शीघ्र किए जाने की मांग रखी। शहर में बिना व्यापार मंडल की सहमति से मेले का आयोजन न किए जाने आदि मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने बताया उक्त प्रस्ताव को डीएम को सौंपा जाएगा।

## विद्यालयों में मध्याहन भोजन के साथ भोजन मंत्र का वाचन अनिवार्य

**जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग :** विद्यालयों में मध्याह्न भोजन के साथ-साथ भोजन मंत्र का वाचन भी अनिवार्य रूप से किया जायेगा। इस बाबत जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक शिक्षा ने सभी विद्यालयों को निर्देश देते हुए उप शिक्षा अधिकारियों से अनुपालन की रिपोर्ट मांगी। डी.ई.ओ. ने प्रधानाचार्य एवं प्रधानाध्यापक से भी छात्रों को स्वच्छता के महत्व की जानकारी का बोध कराते हुए भोजन से पूर्व उसके पश्चात हाथ धोने की आदत विकसित करने को कहा। उन्होंने पी.एम. पोषण में समुदाय की सहभागिता के दृष्टिगत विशेष भोज को अधिक प्रचलित कर रिपोर्टिंग करने का कहा। जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक शिक्षा अजय कुमार चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि राज्य परियोजना कार्यालय से मिले निर्देशानुसार प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण (पी.एम.पोषण) के अंतर्गत जिन विद्यालयों में पका पकाया मध्याह्न भोजन दिया जा रहा है, उनमें भोजन परोसने के समय बच्चों को अनुशासित एवं शान्त मन से भोजन करने से दृष्टिगत भोजन ग्रहण करने से पूर्व बच्चों द्वारा भोजन मंत्र का वाचन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह बच्चों में संस्कार जागृत करने के उद्देश्य से भी महत्वपूर्ण है। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि सभी विद्यालयों को पूर्व में ही इस बाबत विस्तृत निर्देश दिए गये थे, जिसके तहत कीचन कम स्टोर की दीवार पर भोजन मंत्र अंकित किया जाना है। डी.ई.ओ. बेसिक ने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों एवं उप शिक्षा अधिकारियों को निर्देश पत्र जारी करते हुए विद्यालयों में भोजन मंत्र वाचन की रिपोर्ट तलब की तथा जानकारी मांगी कि भोजन मंत्र का वाचन एवं किचन कम स्टोर की दीवार पर भोजन मंत्र अंकित किया गया है। उन्होंने अधीनस्थ अधिकारियों को नर्देश दिए कि समय-समय पर भोजन मंत्र वाचन की समीक्षा करते रहे कहा कि विद्यालयों में मेन्यू के अनुसार भोजन पकाये जाने, खाद्य सामग्री की स्वच्छता एवं सुरक्षा, फूड टेस्टिंग को प्रभावी रूप से क्रियान्वित किया जाय।

# बच्चों की सुरक्षा सरकार की प्राथमिकता : धामी

### मुख्यमंत्री ने भालू हमले के पीड़ितों से की बातचीत

**जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून :** जनपद चमोली के विकासखण्ड पोखरी अंतर्गत विद्यालय परिसरों के समीप घटित भालू हमले की घटनाओं को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अत्यंत गंभीरता से संज्ञान में लेते हुए संवेदनशीलता और तत्परता का परिचय दिया है। मुख्यमंत्री ने भालू हमले में घायल हुए पीड़ित छात्र से दूरभाष पर सीधी बातचीत कर न केवल उसका हालचाल जाना, बल्कि उसे ढांढस बंधाते हुए शीघ्र स्वस्थ होने की कामना भी की। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार के लिए बच्चों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और नागरिकों की जान-माल की रक्षा के लिए सरकार हर परिस्थिति में पूरी प्रतिबद्धता और कठोरता के साथ कार्य करेगी।

मुख्यमंत्री श्री धामी ने कहा कि राज्य सरकार इस कठिन घड़ी में पीड़ित परिवार के साथ पूरी मजबूती से खड़ी है और उपचार एवं सुरक्षा के हर स्तर पर किसी भी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने घटना के दौरान अदम्य साहस, सूझबूझ और मानवीय संवेदनशीलता का परिचय देते हुए भालू से बच्चों की जान बचाने वाली साहसी छात्राओं दिव्या और दीपिका से भी बातचीत की। मुख्यमंत्री ने छात्राओं की बहादुरी की प्रशंसा करते हुए कहा कि इतनी कम उम्र में जिस साहस, धैर्य और जिम्मेदारी का परिचय उन्होंने दिया है,

## डीएम बंसल ने परखी रैनबसेरों की व्यवस्था, निगम को दिए निर्देश

देहरादून। जिलाधिकारी सविन बंसल ने रैन बसेरों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को सुधारने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निराश्रित एवं बेसहारा व्यक्तियों को रैनबसेरों में सुरक्षित रूप से ठहराया जाए। मंगलवार को डीएम बंसल ने लालपुल स्थित नगर निगम के रैनबसेरा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीएम बंसल ने रैनबसेरा में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं के बारे में जानकारी हासिल की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने रैनबसेरा में प्रतिदिन ठहरने वाले निराश्रित व्यक्तियों की जानकारी ली। उन्हें बताया गया कि विगत एक सप्ताह से प्रतिदिन लगभग 15 से 19 निराश्रित लोग रैनबसेरा में रात्रि विश्राम कर रहे हैं। जिलाधिकारी ने रैनबसेरा परिसर में नियमित साफ–सफाई बनाए रखने तथा रहने वाले व्यक्तियों को स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि शहर के सभी रैनबसेरों में शौचालय, पेयजल, प्रकाश, बिस्तर सहित अन्य आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध रहें एवं साफ–सफाई व्यवस्था में किसी प्रकार की लापरवाही न हो।

# विकास एवं सौन्दर्यीकरण कार्यों का हुआ शिलान्यास

**जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग :** राज्य सेक्टर (वर्ष 2025-26) के अंतर्गत पर्यटन विकास हेतु अवस्थापना निर्माण योजना के तहत जनपद रुद्रप्रयाग के विकासखंड जखोली स्थित बधाणीताल के सौंदर्यीकरण एवं विकास कार्यों (स्वीकृत लागत 336.52 लाख) का शिलान्यास विधायक रुद्रप्रयाग भरत चौधरी, जिलाधिकारी प्रतीक जैन एवं जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम कठैत द्वारा किया गया। शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान विधि विधान से पूजा-अर्चना कर विकास कार्यों का शुभारंभ किया गया। प्रस्तावित कार्यों के अंतर्गत ग्लास हाउस, कैफेट एरिया, रेलिंग एवं फुटपाथ, बहुउद्देशीय मंच, ताल का सौंदर्यीकरण किया जाना है, जिससे बधाणीताल को एक आकर्षक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जा सकेगा। इन कार्यों की कार्यदायी संस्था ग्रामीण निर्माण विभाग, रुद्रप्रयाग है।



कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी प्रतीक जैन सहित उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं स्थानीय जनमानस द्वारा स्थानीय मातृशक्ति के साथ बढ़ाणीताल की परिक्रमा भी की गई। इस अवसर पर धार्मिक आस्था, लोक परंपराओं एवं सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी प्रतीक जैन ने कहा कि बधाणीताल प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण क्षेत्र है और यहां पर्यटन की अपार संभावनाएं मौजूद हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि जिला प्रशासन का निरंतर प्रयास है कि जनपद के दूरस्थ एवं प्राकृतिक स्थलों को पर्यटन मानचित्र पर सुदृढ़ पहचान दिलाई जाए, जिससे स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर प्राप्त हों और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिले। उन्होंने कहा कि बधाणीताल क्षेत्र का आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक महत्व भी अत्यंत प्राचीन और विशिष्ट है।

कहा कि पर्यटन विकास के साथ-साथ क्षेत्र की धार्मिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत को संरक्षित रखना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। जिलाधिकारी ने कहा कि बधाणीताल को केंद्र में रख कर इस संपूर्ण बांगर क्षेत्र को पर्यटन के मानचित्र पर लाना हमारा लक्ष्य है जिस हेतु इस क्षेत्र में नए ट्रैकिंग मार्गों को विकसित करने का लक्ष्य है, यहां पर होम स्टे आदि से लोगों की आजीविका संवर्धन किया जा रहा है।

## मुख्य सचिव ने की सभी जिलाधिकारियों संग वीसी माध्यम से बैठक

देहरादून। मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने मंगलवार को प्रदेश में शीतलहर की तैयारियों के सम्बन्ध में सभी जिलाधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक ली। मुख्य सचिव ने सभी जिलाधिकारियों को विभिन्न विभागों द्वारा नोडल अधिकारी नामित किया जाने के निर्देश दिए। उन्होंने जिलाधिकारियों को कोल्ड वेब एक्शन प्लान भी तैयार करते हुए, उसके अनुसार कार्यवाही किए जाने के भी निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने कहा कि सभी जनपदों में बर्फबारी एवं पालाग्रस्त क्षेत्रों का चिन्हीकरण कर लिया जाए। साथ ही सार्वजनिक स्थानों पर अलाव जलाने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि शीतृऋतु में शीतलहर एवं बर्फबारी से सुरक्षा हेतु सभी जनपदों में अस्थाई रैनबसेरों की व्यवस्था एवं इसके लिए पृथक से नोडल अधिकारी नामित किया जाएं।

# आधार से ही मिलेगा सरकार की योजनाओं का लाभ

**जयन्त प्रतिनिधि। चमोली :** जिलाधिकारी गौरव कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला सभागार गोपेश्वर में जिला स्तरीय आधार मॉनिटरिंग एवं अनुश्रवण समिति की बैठक हुई। जिसमें जिले के नागरिकों का आधार अपडेट करने एवं 0-5 आयु वर्ग के बच्चों का आधार पंजीकरण के लिए विशेष शिविर लगाने वे 100 वर्ष से अधिक उम्र वाले नागरिकों के आधार सम्बन्धी मामलों का स्थलीय निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी गौरव कुमार ने बाल विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि ग्रामीण क्षेत्रों में आंगनबाड़ी केन्द्रों के माध्यम से 0-5 वर्ष के उन बच्चों की सूची तैयार करवायें, जिनके आधार नहीं बनें हो एवं उनके आधार बनवाने हेतु उचित कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। उन्होंने जिला समाज कल्याण को निर्देशित किया कि जनपद के समस्त दिव्यांगजनों के आधार उनके घर जाकर अपडेट करवानें हेतु आवश्यक कार्यवाही करें। जिलाधिकारी ने कहा कि आधार एक महत्वपूर्ण दस्तावेज है। इसके माध्यम से केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ मिलता है। जिलाधिकारी ने शिक्षा, स्वास्थ्य, समाज कल्याण, बाल विकास, पोस्ट ऑफिस, बैंक आदि संस्थानों को निर्देशित किया कि उपलब्ध सभी आधार मशीन को क्रियाशील रखें।

यूआईडीएआई से समन्वय करते हुए मशीनों की तकनीकी समस्या को दूर करें।




उत्तराखण्ड आन्दोलन के जननायक एवं प्रणेता
स्व. इन्द्रमणि बडोनी जी
(24.12.1924 - 18.08.1999)
की
जयंती पर समस्त प्रदेशवासियों की ओर से
शत-शत नमन
उत्तराखण्ड शासन
सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी
www.uttarainformation.gov.in uttarakhandDIPR DIPR_UK uttarakhand DIPR

## कांग्रेसियों ने प्रदेश सरकार के खिलाफ किया प्रदर्शन

देहरादून। अंकित भंडारी मामले में कांग्रेसियों ने प्रदेश सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। मंगलवार को पथरीबाग चौक स्थित उत्तराखंड कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष पूरन सिंह रावत के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी ने भाजपा सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने प्रदेश सरकार पुतला दहन किया। उन्होंने कहा कि अंकिता भंडारी मामले में जिन नेताओं का नाम उजागर हो रहा है उन सब पर कानूनी कारवाई होनी चाहिए। कार्यक्रम में महानगर अध्यक्ष कांग्रेस जसविन्द्र गोगी, दर्शन लाल, सुरेन्द्र रांगड़, पार्षद हेमंत उप्रेती,नरेश सकलानी, नितिन रावत, संदीप जैन, हरजोत सिंह, गुरनैन, पुनीत नेगी, फैजल , अंकित क्षेत्री एवं अन्य लोग मौजूद थे।

## उक्रांद ने अंकिता भंडारी केस में भाजपा सरकार के खिलाफ किया प्रदर्शन

देहरादून। उतराखंड क्रांति दल ने अंकिता भंडारी हत्याकांड में शामिल वीआईपी पर कार्रवाई नहीं करने पर रोष जताया। प्रदर्शनकारियों ने प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। उतराखंड क्रांति दल महानगर अध्यक्ष प्रबीन चन्द रमोला के नेतृत्व में वर्करों ने अंकिता भंडारी हत्याकांड में शामिल वीआईपी पर कार्रवाई नहीं होने पर रोष जताया।

उन्होंने द्रोण चौक के समीप प्रदेश सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। महानगर अध्यक्ष प्रबीन चन्द रमोला ने भाजपा सरकार पर आरोप लगाए कि अंकिता भंडारी हत्याकांड में अब ज्वालापुर के पूर्व विधायक एवं महिला के बीच फोन रिकॉर्डिंग के माध्यम से जो बाते सामने आयी हैं उससे स्पष्ट है कि भाजपा के बड़े नेता का नाम सामने आ रहा है। परवीन रमोला ने कहा कि धामी सरकार तत्काल इस हत्याकांड के गवाह पूर्व विधायक समेत अन्य को फोन सहित हिरासत में ले।

# घोषणाओं के जाल में फंसा 50 हजार की आबादी का स्वास्थ्य

नई टिहरी। नैनबाग प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का उच्चीकरण न होने से क्षेत्र के लोगों को समुचित स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। दिल्ली–यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग के जुड़े होने के कारण नैनबाग में स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर किए जाने की जरूरत है। नैनबाग पीएससी को लंबे समय उच्चीकरण कर उप जिला चिकित्सालय बनाने की क्षेत्र के लोग मांग कर रहे हैं। नैनबाग शरदोत्सव समिति के सचिव प्रदीप कवि, पूर्व प्रधान गंभीर सिंह रावत का कहना कि नैनबाग टिहरी, उत्तरकाशी और देहरादून जिले का केंद्र बिंदु है। साथ ही नैनबाग से दिल्ली–यमुनोत्री हाईवे भी गुजरता है। वाहनों की आवाजाही भी अधिक रहती है। वाहन दुर्घटना का डर भी बना रहता है। दुर्घटना के दौरान घायल होने वाले लोगों को पीएचसी में स्वास्थ्य सुविधा नहीं मिल पाती है। ऐसे में डॉक्टरों द्वारा घायलों को मसूरी और देहरादून रेफर किया जाता है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की 1974 में स्थापना हुई थी। स्थानीय लोगों के संघर्ष के बाद 1997 में अस्पताल को अपना भवन मिल पाया। पीएचसी पर क्षेत्र के 76 गांवों की करीब 50 हजार से अधिक आबादी निर्भर है। इसके अलावा नैनबाग से लगे उत्तरकाशी और देहरादून जिले की जनता भी छोटे–मोटे उपचार के लिए पीएचसी पहुंची है। पूर्व के वर्षों में नैनबाग शरदोत्सव आए पूर्व सीएम भुवन चंद्र खंडूड़ी, 2022 में सीएम पुष्कर धामी, 2023 में स्वास्थ्य मंत्री डॉ धन सिंह रावत सहित कई पूर्व मंत्री पीएचसी के उच्चीकरण की घोषणा कर चुके हैं लेकिन पीएचसी का उच्चीकरण नहीं हो पाया। स्वास्थ्य केंद्र पर समुचित उपचार की व्यवस्था से सबसे अधिक परेशानी क्षेत्र के गरीब जनता को उठानी पड़ती है, उन्हें उपचार के लिए कई किलोमीटर दूर देहरादून और मसूरी का जाना पड़ता है।

## भविष्य की चुनौतियों के लिए सदैव तत्पर है गोल्डन की डिवीजन

देहरादून। भारतीय सेना की गोल्डन की डिवीजन ने अपनी स्थापना के 60 वर्ष पूर्ण होने पर डायमंड जुबली मनाई। मंगलवार को शहर में भारतीय सेना की गोल्डन की डिवीजन ने डायमंड जुबली मनाई।

इस दौरान कर्नल मनीष श्रीवास्तव ने बताया कि अपनी स्थापना के बाद से डिवीजन ने 1965 और 1971 के युद्धों सहित अनेक महत्वपूर्ण सैन्य अभियानों और दायित्वों में प्रभावी भूमिका निभाई है। इसके अतिरिक्त, श्रीलंका में ऑपरेशन पवन तथा विभिन्न प्रमुख सैन्य अभ्यासों में सहभागिता के माध्यम से डिवीजन ने परिचालन तत्परता को निरंतर सुदृढ़ किया है।गोल्डन की डिवीजन मानवीय सहायता और आपदा राहत (एचएडीआर) कार्यों में भी अग्रणी रही है। उत्तरकाशी और धराली आपदाओं के दौरान राहत अभियानों के साथ–साथ बाढ़ राहत कार्यों में डिवीजन का योगदान उल्लेखनीय रहा है। साथ ही, फॉर्मेशन द्वारा साहसिक गतिविधियों, जनसंपर्क कार्यक्रमों तथा पूर्व सैनिकों और भूतपूर्व सैनिकों के साथ नियमित संवाद को निरंतर बढ़ावा दिया गया है।

इस अवसर पर डिवीजन के जनरल ऑफिसर कमांडिंग, मेजर जनरल नवीन महाजन, एसएम ने सभी अधिकारियों, जवानों और पूर्व सैनिकों समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## युवा पंचायत जनप्रतिनिधि सम्मेलन में गांवों को आदर्श बनाने पर जोर

नई टिहरी। बौराड़ी में युवा पंचायत जन प्रतिनिधि सम्मेलन में वक्ताओं ने जनप्रतिनिधियों से अपने–अपने गांव और क्षेत्र को आदर्श बनाने को कहा।

सम्मेलन में आचार्य श्रीचंद्र कंप्यूटर प्रशिक्षण केंद्र के छात्र–छात्राओं ने सुंदर सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। जिला पंचायत अध्यक्ष इशिता सजवाण की अध्यक्षता में संपन्न हुए उत्तरांचल उत्थान परिषद की पहल पर युवा पंचायत जन प्रतिनिधि सम्मेलन में तकनीकी शिक्षा मंत्री सुबोध उनियाल, मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रांत प्रचारक डॉ शैलेंद्र ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कैबिनेट मंत्री उनियाल ने कहा कि गांव के आसपास कचरा न फेंके, गांव के रास्तों की सफाई व्यवस्था में ग्रामीण सहयोग करें। कहा कि हर प्रतिनिधि को अपने गांव,क्षेत्र को आदर्श बनाने का संकल्प लेकर देश को स्वावलंबी, सशक्त, आत्मनिर्भर बनने में सहयोग करना चाहिए। प्रतिनिधि को गांव की आर्थिकी और आंतरिक सुरक्षा पर काम करें। आरएसएस के प्रांत प्रचारक डॉ.शैलेंद्र ने कहा कि संघ भी शिक्षा के क्षेत्र में विद्या भारती के माध्यम से संस्कारवान शिक्षा देने का काम कर रहा है।

इस मौके पर विभाग प्रचारक अजय,जिला प्रचारक दीपक,घनसाली विधायक शक्ति लाल,पूर्व विधायक धन सिंह नेगी, विजय पंवार,भाजपा जिलाध्यक्ष उदय रावत,ब्लॉक प्रमुख राजेश नौटियाल ,राजीव कंडारी,सुरेंद्र भंडारी,सुमन सजवाण,मनीषा पंवार मौजूद थे।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
**नागेन्द्र उनियाल**
आर.एन.आई. 35469 / 79
फोन / फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com